


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 132

ग्वालियर, शुक्रवार, 2 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### देश की प्रगति में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अहमः मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनदी लेखाकार (चार्टर्ड अकाउंटेंट) दिवस पर इस पेशे से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि देश की प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सनदी लेखाकार दिवस भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की स्थापना के अवसर पर मनाया जाता है। इसकी स्थापना एक जुलाई 1949 को सनदी लेखाकार अधिनियम 1949 के अंतर्गत की गई थी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा ?कि सनदी लेखाकार दिवस पर सभी सनदी लेखाकारों को बधाइयां। भारत की प्रगति में सनदी लेखाकारों की अहम भूमिका है। मैं सभी सनदी लेखाकारों से आह्वान करता हूं कि वे उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करें ताकि भारतीय कंपनियां दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में एक बन सकें।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने तीन बच्चों को जहर दिया, एक बच्चे की मौत

**मुंबई (ए)।** मुंबई में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से झगड़ा होने के बाद अपने बच्चों को कथित रूप से चूहे मारने की दवा आइसक्रीम में मिलाकर खिला दी। इसमें दंपती के छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई तथा उसके दो भाई-बहन अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना 25 जून की है लेकिन हाल ही में इसका पता चला जब सरकारी सायन अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई और चिकित्सकों ने इस बारे में मानखुर्द पुलिस को सूचित किया। बच्चों की मां नाजिया बेगम ने पुलिस को बताया कि उसका पति अली नौशाद अंसारी (27) दिहाड़ी पर काम करता है। उसने बताया कि उसके और उसके पति के बीच पैसों को लेकर अक्सर ?विवाद होता रहता है। नाजिया ने बताया कि 25 जून को भी उनके बीच ?विवाद हुआ था जिसके बाद वह मानखुर्द के साठे नगर स्थित बहन के यहां चली गई थी। उसने पुलिस को बताया कि अंसारी तीनों बच्चों को आइसक्रीम खिलाने का वादा करके अपने साथ ले गया और उसने कथित तौर पर उन्हें जहर खिला दिया। इस बीच नाजिया अपने घर लौट आई। बाद में जब उसके दोनों बेटों और एक बेटी ने पेट दर्द की शिकायत की तो नाजिया उन्हें लेकर सायन अस्पताल गई। महिला ने बताया कि शुरुआत में उसने चिकित्सकों से झूठ कह दिया कि बच्चों ने दुर्घटनावश चूहे मारने की दवा खा ली हैद्ध लेकिन जब उसके बेटे की मौत हो गई तो उसने पुलिस को सच्चाई बताने का फैसला किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती दोनों बच्चों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अंसारी के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है, वह अभी फरार है।

### सीएम योगी ने अखिलेश यादव को खुद किया फोन जन्मदिन की दी बधाई

**लखनऊ (ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज यानी एक जुलाई को अपना 48 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस उपलक्ष्य में सपा नेता और कार्यकर्ता कल से ही जगह-जगह केक काटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं और मंदिरों में पूजा-पाठ कर उनकी लम्बी आयु की दुआ मांग रहे हैं। इस खास मौके पर सीएम योगी ने भी खुद अखिलेश यादव को फोन किया। उन्होंने सपा मुखिया को जन्मदिन की बधाई दी। गौरतलब है कि इस समय भाजपा, समाजवादी पार्टी, बसपा, कांग्रेस और अन्य सभी राजनीतिक दल अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे हैं। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है लेकिन राजनीतिक हालात चाहे जैसे हों प्रदेश के इन दो मुख्यमंत्रियों के बीच जन्मदिन पर शुभकामनाओं और बधाइयों का आदान-प्रदान होता रहा है। देश की राजनीति की यही खूबसूरती है कि यहां मतभेद जरूर होते हैं लेकिन मनभेद नहीं होते। इसके पहले पांच जून को जब सीएम योगी का 49 वां जन्मदिन पड़ा था तब अखिलेश यादव ने भी उन्हें फोन कर बधाई दी थी और उनकी लंबी उम्र की कामना की थी। अखिलेश यादव के 48में जन्मदिन की पूर्व संध्या पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटा। कार्यकर्ता इस मौके को 2022 संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। गरीबों में फल, सेटिनाइजर और मास्क वितरण कर वे पार्टी मुखिया की लम्बी उम्र की दुआ मांग रहे हैं। उधर, बुधवार को लखनऊ के हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने और 2022 के विधानसभा चुनाव में सफलता के लिए प्रार्थना की।

### मध्यप्रदेश को लोक कल्याणकारी राज्य के मॉडल के रूप में स्थापित करना है

# गरीबों के लिये सरकार की सबसे अधिक जवाबदारीः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोकतांत्रिक सरकार की सबसे अधिक जवाबदारी गरीबों के प्रति है। गरीब और वंचित वर्ग को ही सरकार के सहयोग और समर्थन की सबसे अधिक आवश्यकता है। राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश को लोक कल्याणकारी राज्य के मॉडल के रूप में स्थापित करना है। अतः गरीब और वंचित वर्ग की तात्कालिक सहायता वाली योजनाओं के साथ उनके स्थाई सामाजिक और आर्थिक उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास पूरी गंभीरता से किए जाएँ। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा के साथ स्थाई आजीविका के? लिए बहुआयामी गतिविधियाँ संचालित की जाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमेप के अंतर्गत गरीब कल्याण के लिए गठित मंत्री-समूह की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, पशुपालन, सामाजिक न्याय तथा निश्शक्तजन कल्याण मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रामखेलावन पटेल, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और समूह समन्वयक प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण फैज अहमद किदवई उपस्थित थे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने बैठक में वर्चुअली भाग लिया।



**योजनाओं के फीडबैक के लिए हितग्राहियों से जीवंत संवाद आवश्यकः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद्यान्न वितरण का दायित्व स्व-सहायता समूहों को सौंपने पर भी विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही गरीबों को तत्काल लाभ देने वाली वनोपज आधारित गतिविधियों और बकरी पालन, मुर्गी पालन जैसी पशुपालन से संबंधित, हितग्राहीमूलक योजनाओं का व्यापक रूप से संचालन भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्री सहित सभी जन-प्रतिनिधि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से जीवंत संवाद रखें। इससे योजनाओं के संबंध में आवश्यक फीडबैक मिलेगा और उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

**गरीबों के खाद्यान्न से छेड़छाड़ न होः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद्यान्न वितरण संवदेनशील योजना है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उचित मूल्य दुकानों की मॉनीटरिंग क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों द्वारा कराई जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनियमितता करने वालों के विरूद्ध कालाबाजारी की धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाए। गरीबों के लिए दिए जा रहे खाद्यान्न से छेड़छाड़ पर कलेक्टर और एसडीएम नजर रखें।

## मप्र सरकार ने की तीसरी लहर से निपटने की तैयारी

### कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए 10 सेवाएं अत्यावश्यक घोषित

### 3 महीने कोई भी काम से नहीं कर सकेगा इंकार



**भोपाल।** कोरोना की तीसरी लहर के अगस्त-सितंबर में आने की संभावना जताई जा रही है। इसके पहले सरकार ने अस्पतालों में सुविधाओं को बेहतर करने की तैयारी शुरू कर दी है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर में प्रदेश के 5954 लोगों को गंवाने के बाद अब कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकार ने कमर कस के तैयारी कर ली है। प्रदेश में डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाएं सहित दस सेवाओं को अगले तीन माह के लिए अत्यावश्यक सेवाएं घोषित कर दिया है। इन सेवाओं से जुड़ा कोई भी व्यक्ति अब इन अत्यावश्यक सेवाओं में काम करने से इंकार नहीं कर सकेगा।

वर्तमान में भले ही कोरोना का प्रकोप कम हो गया है और सरकार ने अधिकांश बाजारों और सेवाओं तथा क्षेत्रों को अनलॉक कर दिया है लेकिन अभी भी कोरोना का संकट टला नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर और कोरोना के डेल्टा प्लस वेरियेंट का प्रकोप सितंबर-अक्टूबर में बढने् की संभावना है। इससे निपटने के लिए डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य सेवाओं और अत्यावश्यक सेवाओं की जरूरत पड़ेगी। इसलिए राज्य सरकार ने दस सेवाओं को अत्यावश्यक सेवाओं के दायरे में शामिल किया है।

**निजी क्षेत्रों पर भी लागू होगा आदेशः** सभी शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय संस्थाओं में अगले तीन माह तक सभी स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मी,स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता कार्यकर्ता की सेवाओं को अत्यावश्यक घोषित किया गया है। इसके अलावा मेडिकल उपकरणों की बिक्री, संधारण एवं परिवहन, दवाईयां एवंड्रग्स की बिक्री, परिवहन एवं निर्माण से जुड़ी गतिविधियां, सभी एंबुलेंस सेवाएं, पानी एवं बिजली की आपूर्ति और सुरक्षा संबंधी सेवाएं, खाद्य एवं पेयजल प्रावधान एवं प्रबंधन और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया है।

## जाति आधारित दंगे भड़काने की साजिश रच रही है भाजपाः राकेश टिकैत

**नई दिल्ली (ए)।** गाजीपुर सीमा पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बुधवार को भाजपा पर जाति आधारित दंगे भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया। राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा जाति आधारित दंगे भड़काने की साजिश रच रही है। भारतीय किसान यूनियन यानी बीकेयू की ओर से जारी बयान के अनुसार राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसान नेताओं को काले झंडे दिखाये और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। बयान में कहा गया है कि बाल्मीकि समाज के सदस्यों ने कृषि कानूनों को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया है। एक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झड़प उस वक्त हुई जब भाजपा कार्यकर्ता एक फ्लाईवे पर जुलूस निकाल रहे थे।

## राजधानी में पेट्रोल 107 के पार, मचा हाहाकार



### इंदौर के युवाओं ने भोपाल के बड़े तालाब में किया प्रदर्शन

**भोपाल।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों के विरोध में गुरुवार को भोपाल में अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया गया। इंदौर के युवा बड़ा तालाब में जुटे और 3 नाव में सवार होकर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने हाथों में तिरंगा थाम रखा था। सूचना मिलते ही तलैया व श्यामला हिल्स पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे युवाओं को समझाइश देकर हटा दिया। सुबह 10 बजे से प्रदर्शन शुरू हुआ। युवाओं ने राजा भोज की प्रतिमा के पास ही नावों में सवार होकर पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की मांग उठाई। इंदौर के समाजसेवी नितिन रघुवंशी व उनके साथी मौजूद थे। रघुवंशी ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर पेट्रोल-डीजल के रेट कम करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इसलिए सरकार को याद दिलाने के लिए यह प्रदर्शन किया।

### पुलिस मौके पर पहुंची

राजा भोज की प्रतिमा के आसपास घूमकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं की सूचना पर तलैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिससे युवा आगे की ओर बढ़ गए। यह क्षेत्र श्यामला हिल्स थाने में आता है। थाना प्रभारी तरुण भाटी ने बताया कि समझाईश के बाद युवा हट गए।

## पंजाब में बड़े बदलाव की तैयारी में सोनिया गांधी



**नई दिल्ली (ए)।** पंजाब कांग्रेस की रार को थामने के लिए अब सीधे कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कमान संभाल ली है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी की ओर से जल्दी ही पंजाब के नए कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य के प्रभारी का ऐलान किया जा सकता है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ से सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के बहुत अच्छे संबंध नहीं हैं। इसके अलावा नवजोत सिंह सिद्धू को भी साधने के लिए बदलाव किए जा सकते हैं। बता दें कि सोमवार से ही नवजोत सिंह सिद्धू दिल्ली में डटे हुए हैं। बुधवार को उन्होंने प्रियंका गांधी से मुलाकात की थी और फिर शाम को राहुल गांधी के घर पर भी पहुंचे थे। दोनों नेताओं के बीच करीब सवा घंटे तक मुलाकात चली थी। कांग्रेस सूत्रों का मानना है कि जल्दी ही सोनिया गांधी की ओर से पंजाब को लेकर बड़े ऐलान किए जा सकते हैं। राज्य के प्रभारी के तौर पर काम कर रहे हरीश रावत को हटाया जा सकता है। इसकी वजह उत्तराखंड में भी अगले साल होने वाले चुनाव हैं। इस राज्य के वह सीएम रह चुके हैं और अब भी कांग्रेस पार्टी का राज्य में बड़ा चेहरा हैं। उनकी जगह पर जेपी अग्रवाल को पंजाब के प्रभारी की जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि अभी प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी है। इस पद के लिए नवजोत सिंह सिद्धू भी बैटिंग कर रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि उन्होंने डिप्टी सीएम के पद का ऑफर भी खारिज कर दिया है और इस पद पर अड़े हैं। वहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सहमत नहीं हैं। ऐसे में यह देखना होगा कि यह अहम जिम्मेदारी किसे मिलती है।

## मोदी कैबिनेट में मध्यप्रदेश से बनेंगे दो मंत्री, एक हटेंगे



### सिंधिया का नाम तय, विजयवर्गीय, राकेश का नाम भी चर्चा में

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्रिमंडल का जल्द ही विस्तार एवं फेरबदल होने जा रहा है। पिछले एक महीने में मप्र, उप्र, कर्नाटक में राजनीतिक गतिरोध खत्म करने के बाद भाजपा संगठन का फोकस केंद्रीय मंत्रिमंडल पर हैं। मप्र कोटे से एक या दो सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। जबकि एक मंत्री थावरचंद्र गहलोत बाहर हो सकते हैं। नए में कांग्रेस से भाजपा में शामिल होकर राज्यसभा पहुंचे ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम लगभग तय हैं। दूसरा नाम जबलपुर सांसद राकेश सिंह एवं पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का भी लिया जा रहा है। वर्तमान में मोदी मंत्रिमंडल में मप्र से पांच मंत्री हैं। जिसमें राज्यसभा सांसद धर्मेन्द्र प्रधान भी शामिल हैं। प्रधान मूलतः उड़ीसा से हैं, लेकिन वे मप्र से राज्यसभा सांसद हैं। नरेन्द्र सिंह तोमर, थावरचंद्र गहलोत, प्रहलाद पटेल एवं फग्गन सिंह कुलस्ते भी मंत्री हैं। नए मंत्रियों के मप्र से राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम तय माना जा रहा है। जबलपुर सांसद राकेश सिंह, सीधी सांसद रीति पाठक का नाम भी राज्यमंत्रियों के गिना जा रहा है। जबकि राजनीतिक हलकों में भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को मोदी कैबिनेट में शामिल किए जाने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। कैलाश मंत्री बनते हैं तो वे खंडवा लोकसभा सीट से उच चुनाव लड़ेंगे।

### 4 माह बाद सिंधिया करेंगे मालवा का दौरा

**भोपाल।** राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया लंबे समय बाद मालवा क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने फरवरी में इंदौर का दौरा किया था, लेकिन उनका यह दौरा सीमित था। इस बार सिंधिया के दौरे को विस्तृत बनाया जा रहा है। इस दौरान वे भाजपा नेताओं से मुलाकात तो करेंगे ही, वहीं पिछले दिनों जो लोग दिवंगत हो गए थे, उनके परिवार में शोक संवेदना भी प्रकट करने जाएंगे। 6 जुलाई को इंदौर के भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलने का कार्यक्रम भी तैयार किया जा रहा है। इसके पहले सिंधिया 9 फरवरी को इंदौर गए थे और एमपीसीए की साधारण सभा के साथ नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक में शामिल हुए थे। इसके बाद वे कई बार भोपाल और ग्वालियर आए, लेकिन लंबे समय बाद उनका मालवा दौरा तय हुआ है।

## पार्सल विस्फोट मामले में अहम खुलासा, ट्रेन को बर्निंग ट्रेन बनाना चाहते आंतकी

**पटना (ए)।** बिहार के दरभंगा में हुए पार्सल विस्फोट की घटना में रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं। अब खबर मिल रही हैं, कि आतंकियों ने ट्रेन उड़ाने की साजिश के लिए इसतरह के कपड़ों और केमिकल का उपयोग कियाथा जो ज्यादा सेंसेटिव होते हैं और उसमें सेंसर लग सकता हो। जानकारी के मुताबिक आतंकी पूरी ट्रेन को बर्निंग ट्रेन बनाना चाहते थे। इसके लिए बोतल के ऊपर सेंसर लगाकर ट्रेन की तेज रफ्तार होने के बाद ब्लास्ट कर आग लगाने की मंशा थी लेकिन गड़बड़ी होने वजह से चलती ट्रेन में धमाका नहीं हो सका। धमाके में सिंथेटिक कपड़े का इस्तेमाल हुआ, क्योंकि सिंथेटिक कपड़ा जल्दी आग पकड़ता है और इस कपड़े का शेष देर तक जलता है, इसकारण आतंकियों ने ज्यादा से ज्यादा जान माल को क्षति पहुंचाने के लिए सिंथेटिक कपड़ों का इस्तेमाल किया। दरभंगा ब्लास्ट के बाद जब रेल पुलिस और आरपीएफ की टीम ने बंडल को खंगाला था जिसके अंदर ब्लास्ट हुआ था उसमें लेडिज शूट ही रखे हुए थे। मामले में हैदराबाद से दो सगे भाई मो.इमरान और नासिर मलिक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तेलंगाना पुलिस की इंटेलिजेंस टीम की तरफ से मिले इनपुट के बाद की गई है। एनआईए के अधिकारिक बयान के मुताबिक ब्लास्ट की योजना बनने और साजिश रचने में दोनों भाई की अहम भूमिका सामने आई है। तेलंगना की पुलिस की इंटेलिजेंस सेल के पास इनपुट थी कि दो भाई इमरान मलिक और नासिर मलिक आतंकी संगठन लश्कर ए तयैबा से जुड़े हैं।

## किसी के दबाव-प्रभाव में नहीं आएंगे नवागत प्रभारी मंत्री नरोत्तम मिश्रा, ताई-भाई, भाभी और साहब के बाद अब नया गुट भी बनेगा

### एक तीर से कई निशाने साधे शिवराज ने... बदलेंगे इंदौर के समीकरण

**भोपाल।** प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर की जिम्मेदारी सत्ता और संगठन ने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को सौंपी है। जिलों के प्रभारी मंत्रियों की जारी सूची में ये चौंकाने वाला बदलाव इंदौर के राजनीतिक समीकरण को भी बदल देगा। एक तीर से कई निशाने साधते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां इंदौर की भीषण गुटबाजी और पडने् वाले दबाव-प्रभाव से खुद को बचाने के प्रयास तो किए ही, वहीं नाराज चल रहे नरोत्तम को साधने का काम भी बखूबी कर लिया। पिछले दिनों परिवर्तन की जो मुहिम शुरू की गई उसकी हवा हालांकि पिछले दिनों भोपाल में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में निकल गई, जब राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सभी ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सराहना कर दी। इंदौर में ताई-भाई, भाभी से लेकर साहब की जो गुटबाजी चलती रही, उसमें अब नवागत प्रभारी मंत्री का एक नया गुट तैयार होगा। इंदौर की राजनीति से लेकर यहां लिए



जाने वाले सारे फैसले पूरे प्रदेश पर असर डालते हैं। यही कारण है कि सभी की रुचि इंदौर पर विशेष रूप से रहती है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह वैसे तो इंदौर को अपने सपनों का शहर बताते रहे हैं और अभी कोरोना काल में भी इंदौर भले ही सबसे अधिक संक्रमित रहा हो, मगर उससे निपटने के उपायों में भी इंदौर ने बाजी मारी। स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा वैक्सीनेशन में भी सिरमौर हो गया। इधर पिछले दिनों मुख्यमंत्री की खिलाफत भी सुनियोजित तरीके से कुछ गुटों द्वारा शुरू की गई। हालांकि उसकी हवा पार्टी नेतृत्व और संगठन के पदाधिकारियों ने निकाल दी। इधर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा लंबे समय से असंतुष्ट बताए जा रहे थे, जिसके चलते इंदौर जैसे सबसे ताकतवर जिले की कमान मुख्यमंत्री ने उन्हें सौंप दी। यह भी उल्लेखनीय है कि इंदौर में ताई, यानी सुमित्रा महाजन और भाई कैलाश विजयवर्गीय से लेकर भाभी मालिनी गौड़ और साहब, यानी कृष्णमुरारी मोघे जैसे वरिष्ठ नेताओं के गुटों का भी बोलबाला रहा है और कई फैसलों में इन गुटों की आपसी तनातनी भी नजर आती रही है, लेकिन अब नवागत प्रभारी मंत्री नरोत्तम मिश्रा किसी गुट के दबाव-प्रभाव में तो आएंगे नहीं, क्योंकि उनका खुद का कद बड़ा है और एक नया गुट अवश्य इंदौर में उनके नेतृत्व में बनेगा, जिसके चलते कई तरह के राजनीतिक समीकरण भी बदलेंगे।

# एक अनोखी पहल ग्रुप शिवपुरी द्वारा लोगों को टीकाकरण के लिए निरन्तर किया जा रहा हैं प्रेरित

शिवपुरी राहुल।





महा टीकाकरण अभियान के अंतर्गत एक अनोखी पहल ग्रुप शिवपुरी द्वारा निरंतर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभी तक एक अनोखी पहल ग्रुप में 8 से अधिक वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कर चुका है। जिसमें अभी तक 16 सौ से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कराया जा चुका है। एक अनोखी पहल ग्रुप वैक्सीनेशन के उद्घाटन के लिए प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यों से संबंधित व्यक्तियों को उद्घाटन के लिए एवं सम्मान प्रदान करने के लिए समाजसेवी, नेता, अधिकारीगण, पत्रकार गण एवं अपने वार्ड के पार्षद आदि को बुलाकर वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन कराती रही है एवं फूल माला वेट कर सभी गणों का सम्मान करती रही है। वैक्सीनेशन कैंप के दौरान अनोखी पहल ग्रुप का फोकस हमेशा से आदिवासी बस्तियों में रहा है जिसके चलते 28 जून को अनोखी पहल ठाकुर पुरा स्थित ओम शांति आश्रम में 320 आदिवासी महिला एवं पुरुषों को वैक्सीनेशन कैंप के माध्यम से टीका लगवाया। और इसी तरह का प्रयास वार्ड नंबर 13 के आदिवासी बस्ती में भी किया है लोगों को घर घर जाकर जागरूक करने का प्रयास एक अनोखी पहल ग्रुप से सभी सदस्यों ने बीएलओ सुरेश ओझा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा शर्मा के सहयोग से किया इसी क्रम में दिनांक 1 जुलाई को अनोखी पहल ग्रुप में शिवपुरी शहर के पत्रकारों को कैंप के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया माला पहनाकर सभी पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया जिसमें मुख्य रूप से नरेश कुशवाह, राजकुमार शर्मा (राजू ) ,लालू शर्मा, आदि पत्रकार गण उपस्थित रहे। अनोखी पहल ग्रुप जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर संजय सर का , विनोद कांटे कोल्ड चैन अधिकारी, सुनील जैन, सीपी जैन आदि का आभार व्यक्त करती है। अनोखी पहल ग्रुप के अध्यक्ष दीप्ति भदोरिया उपाध्यक्ष श्री सोनू कुशवाह श्री विक्रम गंगोरा सह सचिव सिमरन कोटिया अजय गुर्जर नवीन कुशवाह विक्की रजक हर्षिता गोयल, कविता शर्मा , मिट्ठू जाटव, कीर्ति शर्मा, मयंक राठौर आदि ने उपस्थित रहकर शिविर को व्यवस्थित बनाए रखा है।

## शिवपुरी के डॉ. अमित ने अपनी टीम के साथ 1000 लोगों की जान बचाई

### गर्व है हमें आप पर



शिवपुरी। शिवपुरी निवासी डॉ. अमित कोचेटा भोपाल के नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियक क्रिटिकल केयर और कार्डियक एनएस्थीसिया के हैड ऑफ दि डिपार्टमेंट (एचओडी) के रूप में कार्य कर रहे हैं। डॉ. अमित और उनकी टीम जिसमें शामिल हैं डॉ. विश्वास गुप्ता (पल्मोनोलॉजिस्ट) एवं डॉ. सुदीप पाठक (फिजीशियन) ने अपनी मेहनत और समर्पण से 1 हजार कोविड मरीजों की जान बचाने में सफलता प्राप्त की। कोरोना संक्रमण काल के दौरान वाट्सएप ग्रुप के जरिए तथा मोबाइल के द्वारा भी डॉ. अमित ने शिवपुरी में अपनी जन्मभूमि के प्रति कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए कई मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया। यही नहीं उन्होंने शिवपुरी में चल रहे सेवा कार्यों में आर्थिक योगदान भी दिया। डॉक्टर्स डे पर डॉ. अमित और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।डॉ. अमित की यह उपलब्धियां इसलिए भी उल्लेखनीय हैं कि कोविड मरीजों का इलाज करते समय वह दो बार संक्रमित हुए। संक्रमण के दौरान भी उन्होंने अपने चिकित्सकीय दायित्व को नहीं छोड़ा और अस्पताल में भर्ती रहते हुए भी आईसीयू में भर्ती मरीजों का इलाज किया। पहली बार वह नवम्बर 2020 में संक्रमित हुए और 10 दिन के बाद ही वह काम पर लौट आए।

## सिंधिया समर्थक महेंद्र सिंह सिसौदिया बने शिवपुरी के प्रभारी मंत्री, यशोधरा राजे को देवास-आगर मालवा की कमान





शिवपुरी। 1 जुलाई से प्रदेश भर में तबादले शुरू होने वाले हैं जो 31 जुलाई तक जारी रहेंगे। तबादलों के लिए प्रभारी मंत्री की अनुशंसा आवश्यक होगी। 30 जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। स्थानीय विधायक को प्रभारी मंत्री नहीं बनाया गया है। शिवपुरी जिले का प्रभारी मंत्री सिंधिया समर्थक और गुना जिले के बमौरी के विधायक प्रदेश सरकार के मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया को बनाया गया है। शिवपुरी की विधायक और खेल तथा युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया को देवास तथा आगर-मालवा जिले की कमान सौंपी गई है। पोहरी विधायक और लोकनिर्माण राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा को दतिया जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। श्री राठखेड़ा सिंधिया समर्थक हैं और सिंधिया के साथ वह भाजपा में शामिल हुए हैं। प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति करते समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी गुटों को साधने की कोशिश की है। ग्वालियर चंबल संभाग में राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का दबदबा प्रभारी मंत्रियों की नियुक्तियों में देखने को मिला है। ग्वालियर का प्रभारी मंत्री सिंधिया समर्थक और सांवेर के विधायक एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट को बनाया गया है। भिण्ड की कमान सिंधिया समर्थक गोविन्द सिंह राजपूत को दी गई है। श्री राजपूत को भिण्ड के साथ-साथ दमोह का भी प्रभारी मंत्री बनाया गया है। सिंधिया के संसदीय क्षेत्र गुना और अशोकनगर दोनों जिलों में प्रभारी मंत्री उनके समर्थक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना के सांसद हैं और मुरैना की कमान उसके समर्थक भारत सिंह कुशवाह को सौंपी गई है। उन्हें श्योपुर जिले का भी प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इंदौर के प्रभावशाली नेता और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की नजदीकियां भी चर्चा का विषय हैं। दोनों के बीच बंद कमरे में भी बात हो चुकी है। इंदौर का प्रभारी मंत्री नियुक्त करते समय कैलाश विजयवर्गीय की इच्छा का भी ध्यान रखते हुए डॉ. नरोत्तम मिश्रा को इंदौर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव को जबलपुर और निबाड़ी का कार्यभार सौंपा गया है। भोपाल

## संक्षिप्त समाचार

### खड़ी लोडिंग में ट्रक चालक ने मारी टक्कर दो की मौत, एक की हालत गंभीर

शिवपुरी। सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के पूरनखेड़ी टोल के पास खड़े लोडिंग वाहन में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे लोडिंग के नीचे काम कर रहे तीन युवक दब गए जिनमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक की ग्वालियर ले जाते समय मौत हो गई वहीं तीसरा युवक गंभीर हालत में शिवपुरी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने उक्त ट्रक को पकड़कर ट्रक चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304ए, 279, 337 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार गोपालपुर गांव से लोडिंग में चना भरकर भरत तिवारी, नन्हे उर्फ नरेन्द्र उपाध्याय और राकेश पाठक शिवपुरी के लिए रवाना हुए थे जहां एबी रोड पर पूरनखेड़ी टोल के पास लोडिंग का एक्सल टूट गया जिससे लोडिंग रास्ते पर खड़ी हो गई जिसे तीनों युवकों ने हाईवे किनारे लगाकर उसका एक्सल निकालने के लिए लोडिंग के नीचे घुसकर काम कर रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने लोडिंग टक्कर मार दी।

### भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केशव सिंह तोमर का किया स्वागत



**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर के तिकोनिया पार्क में शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा नेता रमेश बंजारा जी भदरोनी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें उपस्थित शिवपुरी शहर के सभी गणमान्य नागरिकों ने सिंधिया परिवार के विश्वस्त वरिष्ठ भाजपा नेता केशव सिंह तोमर को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर राज्यसभा सांसद श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री वी.डी. शर्मा जी संगठन महामंत्री श्री सुहास भगत जी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता रमेश बंजारा भदरौनी, पार्षद विवेक अग्रवाल,प्रतीक गुप्ता वनस्थली,महेन्द्र सिंह रावत,पदम सोनी,राजेश ठाकुर,हरि बिंदल मसाले वाले,के.के. गुप्ता,रवि चौकसे,राकेश चौकसे,नारायण राठौर,शरद चन्द्र शर्मा,अनिल खंडेलवाल,नरेंद्र विसोठिया, निसार अहमद,गोविंद माहौर,प्रलोचन जोशी,नीरज सिंह तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

### संसदीय क्षेत्र के महाविद्यालयों से जुड़ी समस्याओं का होगा निराकरण - सांसद यादव



शिवपुरी समीक्षा भार्गव। गुना, शिवपुरी, अशोक नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. केपी यादव क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओ को लेकर सदैव प्रयासरत रहते हैं। जिसके लिए उनके द्वारा सतत केंद्र व राज्य दोनो ही सरकारों से क्षेत्र में विकास हेतु सुविधाओं के लिए मांग रखी जाती रही है। इसी तारतम्य में मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा क्षेत्र में उच्च शिक्षा हेतु नवीन नवीन भवन निर्माण एवं महाविद्यालय विस्तार किए जाने हेतु नवीन कक्षाओं के संचालन के लिए राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत गुना में विधि महाविद्यालय हेतु नवीन भवन हेतु 7. 6 करोड़, पीजी कॉलेज गुना भवन निर्माण हेतु 8.30 करोड़, अशोकनगर पीजी कॉलेज भवन निर्माण हेतु 7.45 करोड़, मुंगावली में भवन निर्माण हेतु 3.53 करोड़, चंदेरी माधव कॉलेज में भवन निर्माण हेतु 6.09 करोड़, पिछोर छत्रसाल कॉलेज में भवन निर्माण हेतु 2.99 करोड़, शिवपुरी कन्या महाविद्यालय में भवन निर्माण हेतु 3.92 करोड़, पीजी कॉलेज शिवपुरी में भवन निर्माण हेतु 6.82 करोड़ स्वीकृत किए गए। जिसके लिए सांसद डॉ. केपी यादव द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद एवम आभार व्यक्त कर कहा कि

# माँगे पूरी ना होने पर सड़कों पर उतरेंगे नर्सेस एसोसिएशन



शिवपुरी

मेडिकल कॉलेज शिवपुरी की समस्त स्टाफ नर्स नर्सेज एसोसिएशन के बैनर तले दूसरे दिन गुरुवार को भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहीं और सरकार को जगाने के लिए नारेबाजी करतीं नजर आईं। अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानती तो मजबूरन हमें अपने हक के लिए सड़को पर उतरना पड़ेगा। जिसके जिम्मेदार शासन प्रशासन होंगे।मेडिकल कॉलेज के कैंपस में काली पट्टी बांधकर सरकार के विरोध में अपने हक के लिए दूसरे दिन भी शासन से अपनी मांगो को मनवाने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहीं। एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष इरम सुल्ताना ने बताया कि हम अपने मध्य प्रदेश के एसोसिएशन के साथ है जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हम हड़ताल पर रहेंगे। प्रदेश के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हमारी मांग मानना चाहिए।

**ये हैं नर्सेस एसोसिएशन की मांग**

1- उच्च्य स्तरीय वेतनमान अन्य राज्यो की तरह मध्य प्रदेश मे कार्यरत समस्त नर्सेस को दिया जाये ।

पुरानी पेंशन योजना लागू की जाये ।

2- कोरोना काल मे शहीद हुए नर्सिंग स्टाफ के परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति देने के साथ 15 अगस्त को राष्ट्रीय कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित किया जाये

3- कोरोना काल मे शासन स्थर पर जितनी भी घोषणा की गई उन पर अमल नही किया गया । कोविड -19 में नर्सेस को सम्मानित करते हुए अग्रिम दो वेतन वृद्धी का लाभ उनकी वेतन मे लगाया जाये ।

4- 2018 के आदेश भर्ती नियमो मे संसोधन करते हुए 70त , 80त एवम 90त का नियम हटाया जाये एवम प्रतिनियुक्ति समापन कर स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरु की जाये।

5- सरकारी कोलोजो मे सेवारत रहते हुए नर्सेस को उच्च्य शिक्षा हेतू आयु बंधन हटाया जाये एवम मेल नर्स को समान अवसर दिया जाये ।

6- कोरोना काल मे आस्थाई रुप से भर्ती की गई नर्सेस को नियमित किया जाये एवम प्राइवेट कम्पनी से लगाई गई नर्सेस को भी उनकी योग्यता के अनुसार नियमित किया जाये । कोरोना काल मे इनके योगदान को भी भुलाया नही जा सकता ।

7- मध्य प्रदेश मे कार्यरत नर्सेस को एक ही विभाग मे समान कार्य के लिये समान वेतनमान दिया जाये ।

8- वर्षो से लंबित पडी पदोन्ति को शुरु करते हुए नर्सेस की पदोन्ति की जाये एवम नर्सेस को डेजिगनेशन प्रमोशन दिया जाये एवम अन्य राज्यो की तरह नर्सेस के नाम परिवर्तित किये जाये ।

9- मेल नर्स की भरती की जाये ।

10- स्वशासी मे पदस्त नर्सेस को 7वी वे कमीशन का लाभ सन 2018 के वजह सभी कर्मचारियो की भांती सन 2016 से दिया जाये ।

11- शासकीय नर्सिंग कोलेज वा स्कूल मे अध्ययनरत छात्राओ को कलेक्ट्रेट पर मानदेय दिया जाये लगभग 18000 रुपये प्रतिमाह।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इरम सुल्ताना,उपाध्यक्ष अंजुलता राय, प्रियंका शुक्ला ,सचिव शीना राठौर, रेखा बरिवै,सहसचिव ज्योति दुबे मिश्रा, कोषाध्यक्ष राखी दुबे मीना प्रजापत, मीडिया प्रभारी इंदु चौधरी, मीडिया प्रभारी पूजा यादव,संगठन सचिव भानूप्रिया खेडे, अंजली झारिया,अर्चना कुशवाह, कार्यकारिणी अध्यक्ष बीना जोसफ,मैरी अंजिता कुजुर ,कार्यकारिणी सदस्य, संजू राजौरा, सपना तोमर,ज्योति ग्रेस, प्रीतम शर्मा, प्रभा पाटिल, नेहा ठाकरे, संगीता शाक्य, दीपिका ज्योतिष वर्मा, अंजली,मैरी अरजिता, अरूणा परमार,

श्रद्धा गांधी, बबीता रेनू साहू, नगमा खातून, डोली कुशवाह, वर्षा कुशवाह, प्रीति नरवरिया, माधुरी जाट, पूजा जंगेला, ज्योति मंडल, ममता राज पाली, जूही राज पाली, दीपिका ज्योतिष वर्मा, पुष्पा देवी कुशवाह, रेखा सिंह, पुष्पा पटेल, नेहा ठाकरे, आसमा परवीन, मीना प्रजापत, भारती प्रजापति, अमनदीप गिल, अनीता हारोड़े, श्वेता सिन्हा, दीपांजल आर्य, साधना भदौरिया, विनीता कुशवाहा, विजेता झरबड़े, सुशीला ददोरे, अर्चना कुशवाहा,सपना पटेल, शिवाली मोहिते, आशा निगम, प्रियंका सिंह, पूजा झंगेले, ज्योति चौरसिया, उषा किरण तरीके,आशा जाटव, प्रभा पाटिल, अनीता बाई, आशा कमरे, पुष्पा भारती स्वामी, पिल्लई प्रियंका गुप्ता, जय श्रीवास्तव, प्रीतम शर्मा सुनैना मोहिते, संगीता शाक्य आदि काली पट्टी बांधकर अपनी मांग




# शिवपुरी कलेक्टर-एसपी ने फीता काटकर किया महिला थाने का शुभारंभ

शिवपुरी







प्रदेश भर में गुरुवार को महिला थानों का शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में शिवपुरी में कोतवाली के पास स्थित पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर महिला थाने का उद्घाटन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और एसपी राजेश सिंह चंदेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने फीता काटकर महिला थाने का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने लोगों से अपील की कि शहरी और शहर से बाहर के क्षेत्रों में प्लांटेशन का काम कर पौधे रोपे जाएं और आने वाली तीसरी लहर से लडऩे के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम में महिला चिकित्सक, नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, एएनएम, शिक्षिका, सफाईकर्मी, स्वसहायता समूह की महिला, जनअभियान परिषद की वॉरियर्स सहित पत्रकारिता से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला बाल विकास विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसे कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में एएसपी प्रवीण सिंह भूरिया, जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका शर्मा, सभी अनुविभाग के एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नैनो न्यूज

## न्यायालय परिसर में लगा रक्तदान शिविर

**अपर सत्र न्यायाधीश ने रक्तदान कर किया शिविर का शुभारंभ**

भिण्ड। जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में आज न्यायालय परिसर लहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार मिश्रा ने रक्तदान कर किया शिविर का शुभारंभ ओर इस मौके पर उन्होंने कहा की रक्तदान से शरीर मे होने बाली बीमारियों का भय नही रहता और यह रक्त जब किसी जरूरतमंद गरीबों को सहायता हेतु उपलब्ध कराया जाता है तो हमें अपने जीवन मे नोकरी करते समय भी पुण्य लाभ कमाने का अबसर प्राप्त होता है। इस मौके पर बीएमओ लहार शैलेन्द्र पाण्डेय एवं भिंड जिला अस्पताल की टीम मौजूद रही इस मौके पर सर्वप्रथम न्यायाधीशों में अब्बासी, राजकुमार भद्रसेन, पवन कुमार शर्मा, हरवंश सिंह, मति गीतिका मिश्रा, चेतन्य शिवहरे, सुकई बाथम, सन्तोष सिंह, नफीश खान, ओमकार सिंह जादौन, मधुर पाण्डेय, ओमशंकर बसिष्ठ, शिव प्रकाश तिवारी, पवन रजक, शेर सिंह दिवाकर, ब्रजेन्द्र सिंह, पवन सिंह चौहान, अजब सिंह यादव, कपिल जैन, सत्यम तिवारी, विवेक टांक, श्याम मिलन रजक, अनिल भटेले, आनंद मोहन शिवहरे आदि कर्मचारियों एवं अभिभासकों ने रक्तदान कर इस महायज्ञ में पुण्य लाभ कमाकर अपने मन को तसल्ली प्रदान की।

## भदौरिया बने ब्लॉक कांग्रेस गोरमी के उपाध्यक्ष

भिण्ड। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के आशीर्वाद से एवं जिला अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल एवं पूर्व विधायक हेमंत कटारे की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया ने युवा नेता ऋषभ सिंह भदोरिया मानहढ़ को ब्लॉक कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है उनके नियुक्त तत्पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया, किशन प्रसाद कटारे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह, सखवार, श्याम थोकदार, हरिओम कटारे, छत्रपाल नरवरिया, रणवीर सखवार, नवल सिंह नरवरिया आदि ने कहा कि भदौरिया की नियुक्ति से संगठन का विस्तार होगा।

## आजाद शिक्षक संघ मंत्री से मिले शिक्षक संवर्ग की लंबित समस्या को लेकर की चर्चा

भिण्ड। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला भिंड के पदाधिकारियों और निशुल्क संकल्प कोचिंग सेंटर के अध्यापकों ने सहकारिता मंत्री अरविन्द सिंह भदौरिया से जिला कार्यकारिणी भिंड के पदाधिकारियों के साथ शिक्षक संवर्ग की लंवित समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को मुलाकात की।प्रांतिय अध्यक्ष के साथ आकर भोपाल मिलने को कहा ओर शासन से इस संबंध में संघ प्रतिनिधि मंडल की वार्ता करवाने का आश्वासन दिया ओर हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निशुल्क संकल्प कोचिंग सेंटर हेतु शासन द्वारा आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाने हेतु। इस अवसर पर सत्यभान भदौरिया के द्वारा मंत्री महोदय का समस्त कोचिंग सेंटर के अध्यापकों ओर छात्रों की ओर से मंत्रीका आभार व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष आनंद सिंह भदोरिया के साथ सत्यभान भदौरिया, कृष्णवीर सिंह राजावत, गगन भदौरिया, गोविंद यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# कोरोना संक्रमण से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है टीकाकरण : मंत्री भदौरिया





**- जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक अनिवार्य करवायें टीकाकरण : मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया**

**- जिला अस्पताल में ऑक्सिजन जेनरेशन प्लांट 33 केवी विद्युत सब स्टेशन एवं 30 ऑक्सिजन कॉन्सेंट्रेटर का हुआ लोकार्पण**

**- जिले की 13 ग्राम पंचायतों में 100 प्रतिशत वैक्सिनेशन होने पर उन्हें किया गया सम्मानित**

भिण्ड । जिला अस्पताल में आज 250 एलपीएम पीएसए ऑक्सिजन प्लांट 33 केवी विद्युत सब स्टेशन एवं 30 ऑक्सिजन कॉन्सेंट्रेटर का लोकार्पण कार्यक्रम सहकारिता एवं लोकसेवा प्रवंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य एवंनगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह, रमेश दुबे, राजकुमार कुशवाहएकलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, सीमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, विभिन्न इंडस्ट्रीस के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, आमजन सहित अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफ़ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम को संवोधित करते हुए सहकारिता एवं लोकसेवा प्रवंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने आज डॉक्टर डे के उपलक्ष्य पर सभीको बधाई दी। उन्होंने कहाँ की यह चिकित्सक ही है जिन्होंने ढाल बन कर कोरोना संक्रमण महामारी से हमारी रक्षा की है । इन्होंने दिनरात एक कर स्वयं के प्राणो की चिंता ना कर मानवता की सेवा की है। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहाँ की देश के साथ प्रदेश में भी कोविड वैक्सीन टीकाकरण तेज़ी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महाभियान के दौरान एक दिन में 18 लाख व्यक्तियों को वैक्सीन लगाकर पूरे देश में एक दिन में सर्वाधिक वैक्सीन लगाने का गौरव प्राप्त किया। जिले में भी टीकाकरण का कार्य लगातार जारी है। मंत्री डॉभदौरिया ने कहाँ की कोरोना संक्रमण से बचाव का सबसे बड़ा हथियार टीकाकरण है। उन्होंने जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभीनागरिकों से टीकाकरण अनिवार्यरूप से करवाने की अपील की ।मंत्री डॉ भदौरिया ने कहाँ की प्रदेश सरकार कोरोना संक्रमण से प्रदेशकी जनता को सुरक्षित रखने एवं बेहतर स्वास्थ सुबिधा उप्लवध करवाने रात-दिन कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने जिलों में ऑक्सिजन प्लांट निर्माण, चिकित्सालयों में बेहतर स्वास्थ सुविधा आवश्यक दवाओं की पूर्ति के साथ कोविड वैक्सीन टीकाकरण महाअभियान चलाकर कोविड संक्रमण से जनता को बचाने लगातार कार्य किया जा रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कार्यक्रम को संवोधित करते हुए कहाँ की। जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी लेहर में बेहतर प्रशासनिक प्रवंधन एवं चिकित्सकों के द्वारा बेहतर सेवा प्रदान कर जिले के नागरिकों के जीवन की रक्षा की है। उन्होंने कहाँ जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं साथी स्टाफ़की मेहनत एवं कार्यकुशलता से कोरोना हारा। मंत्री श्री भदौरिया ने कहाँकी आज जिला अस्पताल में ऑक्सिजन प्लांट के कार्यरत होने से स्वास्थ सुविधा को और मज़बूती मिली है। उन्होंने कहाँ की दूसरी लहरके मुश्किल दौर में प्रदेश सरकार ए जिला प्रशासन, क्राइसिस ग्रूप के बेहतर प्रवंधन ने हमें जिले को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने में बहुत सहायता की ।उन्होंने कहा आज जिला अस्पताल को 30 ऑक्सिजन कॉन्सेंट्रेटर भी प्राप्त हुए। जिले में कोविड वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम भी लगातार चल रहा है एजिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक टीकाकरण करवाने में उत्साह दिखा रहे है। मंत्री श्री भदौरिया ने कहाँ की कोविड संक्रमण से बचाने टीकाकरण अतिआवश्यक हैएसभी टीकाकरण अवश्य करवायें।कार्यक्रम में भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहाँ की जिला प्रशासन एवं जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने कोरोना संक्रमण से जिले के नागरिकों कोसुरक्षित रखने बेहतर कार्य किया है। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह ने कार्यक्रम को संवोधित करते हुए कहाँ की कोरोना संक्रमण केभयानक दौर में आम जन को जिला चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ सुविधा उप्लवध करा जीवन को बचाने का कार्य किया है।जिले मेंप्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु भी सक्रियता से कार्य कर आम जन को संक्रमण से बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिले की 13 ग्राम पंचायतों में 100 प्रतिशत वैक्सिनेशन होने पर उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें अटेर अंतर्गतकनेराएजम्होर महापुर भिण्ड अंतर्गत ओझा, डूंगरपुरा, लहार अंतर्गत सुंदरपुरा, करियावली, महुआ, वरहा कुरथर, रमपुरा, रौन अंतर्गत चाँदोख एवं मेहगांव अंतर्गत कृपे का पुरा है।

कार्यक्रम में टेवा इंडस्ट्रीस मोंडलेज पॉवरग्रिड इंडिया लिमिटेड एवं पॉवरमेक के प्रतिनिधियों को भी उनके द्वारा जिला अस्पताल को उनकेद्वारा किये गए सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें 20 लाख की लागत से निर्मित ऑक्सिजन प्लांट सीएसआर अंतर्गत टेवा केसहयोग से जिला अस्पताल में स्थापित किया गया। 30 ऑक्सिजन कॉन्सेंट्रेटर मोंडलेज द्वारा जिला अस्पताल को एवं 7 ब्लॉक स्तर पर दिए गये। 100 बेड हेतु ऑक्सिजन पाइपलाइन एवं कनेक्शन पॉवरग्रिड द्वारा जिला अस्पताल को दी गयी। पॉवरमेक द्वारा जिलाअस्पताल को एयर कंडिशन दिए गए।

## 03 जुलाई को द्वितीय डोज का ही होगा टीकाकरण

भिण्ड। जिन्हें कोवैक्सीन का पहला डोज़ लगाये हुये 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं एवं कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले डोज़ को 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं उन्हें लगेगा दूसरा डोज, 3 जुलाई को जिला भिण्ड में कोविड-19 टीकाकरण सत्र स्थलों पर केवल उन्हीं लोगों का टीकाकरण होगा जो प्रथम डोज लगवा चुके है। और उन्हें अभी द्वितीय डोज लगाया जाना शेष है जिन्हें कोवैक्सीन लगाये हुये 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं एवं कोवीशील्ड वैक्सीन के 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् अजीत मिश्रा ने आम जनसामान्य से अपील की है कि 03 जुलाई सम्पूर्ण जिले में केवल द्वितीय डोज से वंचित हितग्राही अपने-अपने नजदीकी वैक्शीनेशन सेंटर पर अपना कोविड टीकाकरण कराऐं।

# बरसात पूर्व हुए मेंटीनेंस में करोड़ों रुपये खर्च, फिर भी रोजाना 5 से 6 घंटे बिजली हो रही गुल

**-भाजपा सरकार में लोगों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, फिर भी भारी भरकम आ रहे बिजली बिल, लोगों के छूट रहे पसीने**

**-ऊर्जामंत्री चंबल अचंल की नहीं सुधार सके बिजली व्यवस्था तो पूरे मप्र को कैसे मिलेगी राहत, अधिकारी बसूली में जुटे, बिजली समस्या से निजात नही ·**



भिण्ड। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। उमसभरी गर्मी से लोग परेशान हैं। ऐसे में बिजली की कटौती लोगों के गुस्से को और बढ़ा रही है। शहर के किसी भी कोने में जाइए, लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर बिजली कटौती हो रही है। सुबह से रात तक बिजली उपकेंद्रों से ट्रिपिंग और शटडाउन का खेल जारी रहता है। बारिश के साथ ही परेशानी और बढ़ गई है। बरसात से पूर्व बिजली विभाग मेंटीनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करता है ताकि बरसात कें दिनों बिजली समस्या को लेकर किसी तरह की परेशान खड़ी न हो जाये, फिर भी इन दिनों 5 से 6 घंटे दिन में बिजली गुल हो रही है अगर शहरी क्षेत्र में ऐसे हालात हैं तो ग्रामीण क्षेत्र के क्या हाल होगा। भीषण गर्मी बिजली कटौती से लोग पसीने से बेहाल हो रहे हैं। वहीं शहरवासियों का कहना है कि इतनी बिजली कटौती तो कांग्रेस सरकार के समय में भी नहीं हुई, जितनी भाजपा सरकार के समय में की जा रही है जबकि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मंच से कहते नहीं थकते है कि लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया करायी जायेगी, फिर भी बिजली के हालातों में सुधर होता नजर नहीं आ रहा हैं ज्ञात हो कि विगत दिनों ऊर्जामंत्री प्रद्युमनसिंह तोमर अचानक भिंड दौरे पर पधारे और बिजली दफ्तर में जाकर बैठ गये, जिसके बाद अधिकारियों को फटकार लगाई थी कि लोगों को बिजली समस्या से किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए बावजूद भी जिले में अधिकारी समस्या को सुधार नहीं पा रहे हैं। ऊर्जामंत्री चंबल अंचल की बिजली व्यवस्था अगर नहीं सुधार पा रहे हैं तो पूरे मप्र के हालात कैसे सुधरेंगे, इस तरह के कई सवाल लोगों के जहन में खड़े हो रहे हैं। इसके साथ ही शहर में मीटरों से रीडिंग सही नहीं ली जा रही है जिस कारण लोगों के इन दिनों भारी भरकम बिल भी आ रहे है जिस ओर भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### सप्ताहभर से हो रही लगातार बिजली कटौती

इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है लोग पसीने से बेहाल है, जिसके बाद भी बिजली महकमा मेंटीनेंस के नाम पर दिन-दिनभर बिजली कटौती कर लोगों को परेशान करने में लगा हुआ है उधर महिने पर आंकलित खपत बिल भी उपभोक्ताओं के लिए सरदर्द बनता जा रहा है समय पर उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है फिर भी लोगों को जबरन बिल चुकाना पड़ रहा है। रविवार को शहर के अटेर रोड पर दोपहर 12 बजे से बिजली गुल हो गई और देर शाम तक भी दुरुस्त नहीं हो पाई इस संबंध में जब एसई साहब से बात की गई तो उन्होंने भी मेंटीनेंस का हवाला देकर पल्ला झाड़ दिया।

### आंकलित खपत बनी सरदर्द

बिजली विभाग ने एक बार फिर उपभोक्ताओं के बिजली बिल में आंकलित खपत देना शुरू कर दिया है। जून माह में वितरित बिजली बिलों में अधिकांश उपभोक्ताओं के बिल में आंकलित खपत जोडी गई या फिर रीडिंग अधिक बता दी गई है। इस पर उपभोक्ता दुरुस्त कराने बिजली कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। जबकि उपभोक्ताओं के मीटर घरों के बाहर लगे है, ऐसे में आंकलित खपत जोडने का सवाल ही नहीं उठता है। घरों के अंदर लगे बिजली मीटर खराबी होने पर बिजली विभाग मनमाने आंकलित खपत एवरेज यूनिट का बिल उपभोक्ता को थमाता था। बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली विभाग ने मीटर घरों के बाहर लगा दिए थे। इसके बाद हर माह रीडिंग का बिल उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है।

### शहर में सभी उपभोक्ताओं के मीटर घरों के बाहर, फिर भी कैसे हो रही चोरी

बिजली कंपनी ने बिजली चोरी रोकने के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचल में सभी उपभोक्ताओं के मीटर घर के बाहर लगे हैं। ऐसे में बिजली चोरी की संभावना कहीं नहीं है। उपभोक्ताओं का मानना है कि मीटर खराब है तो उसे बिजली विभाग बदले न कि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त यूनिट का भार डाले। इसके साथ ही नवीन कॉलोनियों में जो कटिया चोरी हो रही है उस पर कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाकर चोरी चोरी रोकने के लिए अधिकारी जमीन में उतरकर कार्रवाई करें। जिन के घर पर मीटर लगे हैं उन्हीं रीडिंग के हिसाब से ही बिल दिया जाये।

# महिला पुलिस थाने का हुआ शुभारंभ






भिण्ड। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रवंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया एवं नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने किया महिला पुलिस थाने का शुभारंभ। इस अवसर पर भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह, रमेश दुबे, राजकुमार कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एएसपी कमलखरपूसे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री बने गोविन्द सिंह राजपूत



भिण्ड। राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया के सपोर्टर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भिंड जिले का प्रभार सौंपा गया है। परिवहन मंत्री राजपूत को भिंड का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर उनके समर्थकों खासकर सिंधिया सपोर्टरों में खुशी की लहर छा गई। अब भिंड जिले में उनके समर्थकों का दबदबा बढ़ेगा। बुधवार की शाम प्रदेश सरकार की ओर से प्रभारी मंत्रियों की सूची जारी की गई है। इस सूची में भिंड जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत कट्टर सिंधिया समर्थक है। वे सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए थे। इसके बाद बीजेपी से उप चुनाव लड़े और जीतकर परिवहन मंत्री बने। बुधवार की शाम प्रदेश सरकार द्वारा जिलों के प्रभार की सूची में मंत्री राजपूत को भिंड की कमान सौंपी है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि गुना-शिवपुरी और ग्वालियर के बाद राज्यसभा सांसद सिंधिया की नजर भिंड जिले पर है। सांसद सिंधिया का चंबल संभाग में पसंदीदा जिला भिंड बना हुआ है। राजनीति विशेषज्ञों की बात माने तो चंबल संभाग के मुरैना में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और दतिया में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का दबदबा है। अब चंबल संभाग का सबसे सॉफ्ट जिला भिंड है। इस पर सांसद सिंधिया अपनी राजनीतिक छबि छोड़ना चाहते है। यही कारण है कि पहले कोरोना प्रभारी मंत्री का दायित्व ओपीएस भदौरिया को दिलाया था। अब जिले का प्रभारी मंत्री के तौर पर परिवहन मंत्री राजपूत को नियुक्त कराने में सफल रहे।

### जिले की कार्यकारिणी में भी दिखेगा असर

भिंड के प्रभारी मंत्री राजपूत बनाए जाने पर अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर सिंधिया समर्थकों को फायदा होगा। बीते दिनों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की गई थी। इसमें सिंधिया समर्थक बीजेपी नेता रमेश दुबेए अशोक चौधरी और पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया को स्थान मिला था। अब बीजेपी जिला स्तर पर कार्यकारिणी सूची जारी करेगी। इस सूची प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में तैयार की जाएगी।

# ईपीएस पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन वृद्धि का मुद्दा मानसून सत्र में उठाया जाए : बौहरे

**अल्पपेंशनभोगियों ने सांसद संध्या राय को सौंपा ज्ञापन**



भिण्ड। ऑल इंडिया ईपीएस 95 पेंशनर्स संगठन जिला इकाई भिंड के पदाधिकारियों ने गुरुवार को सांसद श्रीमती संध्या राय के आवास पर पहुंचकर अल्प पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन रुपए 7500 .महंगाई भत्ता निर्धारित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष बीके बौहरे ने सांसद संध्या राय से अनुरोध किया कि आगामी मानसून सत्र में नियम 277 के तहत ईपीएस पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन बृद्धि के मुद्दे को लोकसभा में उठाया जाये।जिसे स्वीकार कर सांसद महोदया ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप निश्चिंत रहें आगामी मानसून सत्र में हम ईपीएस पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि के इस गंभीर विषय को पूरे जोर-शोर से लोकसभा में उठाएंगे। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सलाहकार रमेश बाबू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राम सिया डंडोतिया, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह कुशवाह, जिला सचिव रामकुमार त्रिवेदी सहित तमाम अल्प पेंशनभोगी उपस्थित रहे।

# आतंकी बौखलाहट

गृह मंत्रालय ने जम्मू के वायु सेना अड्डे (एयरबेस) पर ड्रोन हमले की जांच एनआईए को सौंप दी है। वहीं, सोमवार देर रात जम्मू के रत्नूचक इलाके के कुंजवानी में फिर संदिग्ध ड्रोन दिखा है। पिछले दो दिन में यहां तीसरी बार ड्रोन देखा गया है। इधर, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि एयबेस पर हुए ड्रोन हमले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ हो सकता है। दूसरी ओर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में आतंकी हमले के लिए ड्रोन के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया। इस पर गंभीरता से ध्यान देने को कहा है। जब से जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म हुआ है और उसे केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया है, तबसे वहां सक्रिय चरमपंथी संगठनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। हालांकि सुरक्षा बलों की मुस्तैदी और सख्त कार्रवाई की वजह से पिछले एक साल में वहां आतंकी हमलों में काफी कमी आई है। पाकिस्तान की तरफ से मिलने वाली मदद और शह भी थम गई है। सीमा पर अब संघर्ष विराम का पालन किया जा रहा है। पर जैसे ही घाटी के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री के बुलावे को स्वीकार कर लिया, वैसे ही वहां की अलगाववादी ताकतें फिर से हरकत में आ गईं। खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों को इसकी आशंका पहले से थी, इसलिए जिस दिन घाटी के नेताओं की प्रधानमंत्री के साथ बातचीत होनी थी, उससे पहले ही वहां सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिया गया था। इसके बावजूद आतंकियों ने जम्मू हवाई अड्डे के पास वायु सेना परिसर में ड्रोन से बारूदी विस्फोट कर दिया। अभी तक उस घटना की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है, पर लश्करे-तैयबा पर शक जाहिर किया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी घटना की जांच कर रही है। इस घटना के एक दिन बाद ही एक विशेष पुलिस अधिकारी के घर में घुस कर आतंकियों ने अधिकारी, उसकी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी। उसके बाद भी सीमा पार से हमले की नीयत से आए दो ड्रोन जम्मू के वायु सेना क्षेत्र में देखे गए। हालांकि इन घटनाओं के बाद यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि जब ऐसी आतंकी हरकतों की आशंका पहले से थी और सुरक्षा बल उन्हें रोकने के लिए सतर्क थे, तब भी चरमपंथी अपने मंसूबे में कामयाब कैसे हो गए। कैसे सुरक्षा उपकरणों को ड्रोन की भनक तक नहीं लग पाई। मगर जिस तरह आतंकी संगठन अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते और भारतीय सुरक्षा बलों को चकमा और चुनौती देने का लगातार प्रयास करते रहे हैं, उसमें ये हमले करने में भी कामयाब हो गए। अभी घाटी से आतंकियों का पूरी तरह सफाया नहीं हुआ है और जो अब भी बचे-खुचे हैं, वे ऐसी हरकतें करके अपना वजूद जाहिर करते रहते हैं। पाकिस्तान भी बेशक संघर्ष विराम का पालन करता दिख रहा है, पर सीमा पर उधर के आतंकी घात लगाए रखते हैं। उन्हीं ने ड्रोन हमला और विशेष पुलिस अधिकारी की हत्या की। विशेष पुलिस अधिकारी दरअसल, कश्मीर पुलिस के मुलाजिम तो नहीं होते, पर वे आतंकियों का सुराग जुटाने और उनके सफाए के लिए चलाए जा रहे अभियान में सहायक होते हैं। स्वाभाविक ही ये अधिकारी आतंकियों की आंख की किरकिरी बने रहते हैं। जब तक जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा मिला हुआ था और वहां आजादी की मांग उठाने की संभावना बची हुई थी, तब तक दहशतगर्दों के लिए भी जमीन बची हुई थी। पाकिस्तान से भी उन्हें मदद मिलती थी। मगर अब पाकिस्तान खुद अपने अंदरूनी हालात से परेशान है और ऊपर से आतंकवाद रोकने को लेकर उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव है, इसलिए अब वह कश्मीर मसले पर पहले जैसा उग्र रुख अख्तियार नहीं करता।

# राजस्थान में पूरे नहीं होंगे भाजपा के मंसूबे

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के मध्य चल रही राजनीति खिंचातान का भाजपा फायदा उठाना चाहती है। कर्नाटक और मध्य प्रदेश की तरह राजस्थान में भी भाजपा कांग्रेस के दो बड़े नेताओं की लड़ाई का फायदा उठाकर अपनी सरकार बनाना चाहती है। मगर राजस्थान में भाजपा के मंसूबे शायद ही पूरे हो। यहां पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजनीति के अनुभवी खिलाड़ी माने जाते हैं। गहलोत तीन बार केंद्रीय मंत्री, तीन बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश में शासन चला रहे हैं। कर्नाटक व मध्य प्रदेश के अपदस्थ मुख्यमंत्रियों की तुलना में गहलोत का राजनीतिक अनुभव भी बड़ा है तथा उनके पास विधायकों का बहुमत भी पर्याप्त है। ऐसे में राजस्थान की कांग्रेस सरकार को गिरा पाना भाजपा के बस में नहीं लग रहा है। इसीलिए भाजपा ने अपने ऑपरेशन राजस्थान को स्थगित कर दिया है।

एक साल पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हटाने की मांग करते हुए अपने अट्ठारह अन्य समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के गुड़गांव के एक होटल में डेरा डालकर प्रदेश सरकार को संकट में डाल दिया था। उस समय पायलट मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। पायलट अपने समर्थक विधायकों के साथ करीबन एक महीने तक गुड़गांव के होटल में डेरा डाले रहे। इसी दौरान कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री पद से तथा उनके समर्थक दो अन्य मंत्रियों महाराजा विश्वेंद्र सिंह व रमेश मीणा को कैबिनेट मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था।

उस समय चर्चा थी कि पायलट की बगावत के पीछे भाजपा के बड़े नेताओं का हाथ था। भाजपा नेताओं ने पायलट को आश्वस्त किया था कि गहलोत सरकार गिराने के इनाम स्वरूप उनको भाजपा कोटे से मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। मगर पायलट को लेकर गहलोत शुरू से ही सतर्क थे। इसी का नतीजा था कि पायलट की बगावत फेल हो गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समय रहते पायलट समर्थक कई विधायकों व मंत्रियों को तोड़कर अपने खेमे में मिला लिया था। इस कारण पायलट पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाए। यदि पायलट गुट के सभी विधायक उस समय पायलट के साथ रहते तो गहलोत सरकार का गिरना निश्चय था। मगर गहलोत की सतर्कता से उनकी सरकार गिरने से बच गई थी।

सचिन पायलट की बगावत के बाद कांग्रेस आलाकमान ने तीन वरिष्ठ नेताओं अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल व अजय माकन की एक समिति बनाई थी। इस कमेटी को अशोक गहलोत व सचिन पायलट की बातों को सुनकर उनमें तालमेल बैठाना था। मगर अचानक ही कोरोना से कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अहमद पटेल का निधन हो गया। इस कारण इस समिति की कोई बैठक नहीं हो पाई। इसी दौरान केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पायलट समर्थक नेताओं को पर्याप्त महत्व देते हुये पदाधिकारी बनाया गया था। लेकिन पायलट की मुख्य मांग उनके समर्थक आठ विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने व अन्य को विभिन्न बोर्ड, आयोग, निगम में अध्यक्ष बनाकर मंत्री स्तर का दर्जा दिया जाने की है। इसके अलावा अन्य राजनीतिक नियुक्तियों में भी पायलट समर्थकों को पर्याप्त तवज्जो दी जाए।

देश में अचानक ही कोरोना की दूसरी लहर आने से राजस्थान में लंबे समय तक लाक डाउन लगाना पड़ा। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिमंडल विस्तार व राजनीतिक नियुक्तियां करने की बजाय कोरोना मैनेजमेंट पर फोकस रखा तथा पूरे संसाधनो से कोरोना की दूसरी लहर का मुकाबला किया। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनकी पत्नी सुनीता



गहलोत भी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए थे। कोरोना संक्रमण से बाहर निकलने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना के बाद होने वाली विभिन्न तरह की बीमारियों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों की सलाह पर एक से दो माह तक किसी भी व्यक्ति से व्यक्तिगत मिलने के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।

अब मुख्यमंत्री गहलोत मंत्रिमंडल की मीटिंग सहित अन्य सभी मीटिंग वर्चुअल माध्यम से ही कर रहे हैं। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रियों, अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सकों व विशेषज्ञों के साथ कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिए मिटेंगे की उन मीटिंगों का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया पर किया गया। जिसमें प्रदेश के लाखों लोगों ने लाइव मीटिंग को देखकर अपने सुझावों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के इस नवाचार की पूरे प्रदेश की जनता में सराहना हो रही है। गहलोत द्वारा आम जनता को सरकार के निर्णयों से जोड़ने से आमजन में प्रदेश सरकार की सकारात्मक छवि बनी है।

जहां भाजपा प्रदेश में गहलोत सरकार को गिरा कर अपनी सरकार बनाने का सपना देख रही थी। उसके विपरित इन दिनों भाजपा नेता आपस में ही एक दूसरे से उलझे हुए हैं। प्रदेश में वसुंधरा समर्थक मुखरता से वसुंधरा राजे को प्रदेश की कमान सौंपने की मांग कर रहे हैं। वही उनके विरोधी खेमे के नेता उनके स्थान पर नए लोगों को मौका देने की बात कर रहे हैं। इससे भाजपा के नेता कांग्रेस को भूल कर अपने लड़ाई लड़ने लगे हैं। वैसे भी प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे में बेहतर तालमेल माना जाता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि गहलोत सरकार के संकट में आने की स्थिति में वसुंधरा समर्थक दो दर्जन विधायक गहलोत का साथ दे सकते हैं।

इन्हीं आशंकाओं के चलते भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राजस्थान में ऑपरेशन कमल से अपना हाथ खींच लिया है। पूर्व में महाराष्ट्र में भी भाजपा नेतृत्व इसी तरह मात खा चुका है। इसलिए भाजपा ऐसा कोई काम करना नहीं चाहती है जिससे उस पर चुनी हुई सरकार को गिराने का आरोप लगे। पूर्व में कर्नाटक व मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार गिराने से भाजपा को काफी आलोचनाएं झेलनी पड़ी थी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर यूं ही नहीं कहा जाता है। उन्होंने सरकार बनाते ही बसपा के सभी छः विधायकों के कांग्रेस में शामिल करवा कर कांग्रेस विधायकों की सदस्य संख्या 106 कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया था। उसके बाद उन्होंने माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो, राष्ट्रीय लोक दल का एक व 14 निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन हासिल कर बहुमत की सरकार चला रहे हैं।

सचिन पायलट भी बगावत कर अपनी ताकत आजमा चुके हैं। हाल ही में पायलट समर्थक विधायक महाराजा विश्वेंद्र सिंह, भंवर लाल शर्मा, प्रभु दयाल मीणा सहित कई विधायकों के गहलोत से जुड़ने की खबरें आ रही है। ऐसे में गहलोत को भी पायलट की ताकत का पता चल गया है। अब वह पायलट के किसी दबाव में आने वाले नहीं है। प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को देख कर तो लगता है कि राजस्थान में गहलोत सरकार गिराने के भाजपा के मंसूबे शायद ही पूरे हो। राजस्थान में अभी तो भाजपा के लिए अंगूर खट्टे हैं वाली स्थिति ही बनी रहने की संभावना नजर आ रही है।

# जीवन में सफलता और उन्नति का एक साधन है मनन और चिंतन

जीवन में सफलता और उन्नति का एक साधन है मनन और चिंतन। चिंतन का मतलब यह नहीं कि आप समस्याओं को लेकर चिंता में डूबे रहें। चिंतन वह साधन है जिससे आपको उन्नति और कार्य में सफलता का रास्ता दिखता है। और इस काम के लिए सबसे बढ़िया समय रात को सोने से पहले और सुबह उठने से पहले का वक्त है। प्रातःकाल आंख खुलते ही और रात को सोने के लिये बिस्तर पर जाते चिंतन आरंभ करना चाहिए। आंख खुलने और बिस्तर छोडने के बीच प्रातःकाल कुछ तो समय रहता है। कोई भी व्यक्ति आंख खुलते ही तुरंत नहीं उठ बैठता। कुछ समय ऐसे ही सब लोग पड़े रहते हैं। इस समय को मनन में लगाना चाहिये।अपने आपसे, अपने और अपने शरीर के बीच का अन्तर, अपना स्वरूप, जीवन का उद्देश्य, परमेश्वर की मनुष्य से आकांक्षा, इस सुर दुर्लभ मनुष्य जन्म का श्रेष्ठतम सदुपयोग करने की बात पर प्रत्येक पहलू से विचार किया जाना चाहिए और समीक्षा की जानी चाहिए कि अपनी वर्तमान गतिविधियां आदर्श जीवन पद्धति से तालमेल खाती हैं या नहीं? यदि अन्तर है तो वह कहां है, कितना है? इस अंतर को दूर करने के लिए जो किया जाना चाहिए वह किया जा रहा है या नहीं? यदि नहीं तो क्यों? यह प्रश्न ऐसे हैं जिन्हें अपने आप से गंभीरता पूर्वक पूछा जाना चाहिए और जहां सुधार की आवश्यकता हो उसके लिए क्या कदम किस प्रकार उठाया जाय, इसका निर्णय करना चाहिए।

# कोरोना ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को हिलाकर रख दिया है

**अशोक भाटिया**

कोरोना की महामारी ने कई लोगों की जिंदगी निगल ली और तो और कई लोगों को अकेला कर दिया। कुछ इसी तरह का कोरोना का शिकार मुंबई अंधेरी के चांदिवली इलाके में रहने वाला परिवार भी हुआ. रेशमा तेन्त्रिल का हस्ता गाता परिवार चांदिवली के तुलिपिया सोयायटी में अपने पति शरद और 7 साल के बेटे गरुण और सास ससुर के साथ रहता था। कोरोना की चपेट में आने के बाद इसी साल के अप्रैल महीने में उनकी सास और ससुर की मौत हो गई. इसी बीच उनके पति शरद को भी कोरोना का संक्रमण हुआ और लंबे इलाज के दौरान 23 मई को उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस पूरी घटना के चलते रेशमा और उनका बेटा गरुण घर में अकेले पड़ गए थे। 21 जून को करीब ढाई बजे रात के करीब रेशमा ने अपने बेटे गरुण के साथ 12वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार उनके घर से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी बिल्डिंग के 11वीं मंजिल पर रहने वाला उनको परेशान करता था. उनका कहना था कि रेशमा का लड़का खेलता है तो नीचे डिस्टर्बेंस होती है और इसी वजह से वो लोग इनकी बार बार शिकायत करते थे. इस वजह से परेशान होकर मैं आत्महत्या कर रही हूं।



कितना खतरनाक है किसी महिला का इसलिए सुसाइड करना क्योंकि उसे कोई पड़ोसी परेशान कर रहा था. वो भी उसके 7 साल के उस बच्चे के लिए जिसने अभी-अभी अपने पिता को कोरोना की वजह से खोया था. यह घटना इस समय के लोगों की सोच को उजागर करती है।इस कोरोना काल में जब लोगों को एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए, साथ देना चाहिए, इंसानियत दिखानी चाहिए तो भी लोग एक-दूसरे को परेशान कर रहे हैं. शिकायत कर रहे हैं, ताना मार रहे हैं, क्या सच में उनका जमीर एकदम मर चुका है. यह तो सिर्फ एक दिल को दहला देने वाली घटना है।सोचिए ऐसे कितने लोग होंगे जो किसी प्रताड़ना की वजह से इस हद तक तंग आ जाते हैं कि उनको मौत को गले लगाना पड़ता है. किसी को भी सुसाइड नहीं करना चाहिए भले हालात कैसे भी क्यों ना हो, लेकिन इस महिला की कहानी कलेजा चीर कर रख देती है।

एक हंसता-खेलता परिवार जिसमें बड़ों का आशीर्वाद था. एक पति का प्यार था और एक छोटे से बच्चे का दुलार था। अच्छी नौकरी, घर सब था. इस परिवार को क्या पता था कि इनके हंसती दुनिया को कोरोना की नजर लग जाएगी। पहले सास-ससुर कोरोना पॉजिटिव हुए और दुनिया छोड़ चले। उनकी सेवा करने में लगा उनका बेटा यानी महिला के पति भी कोरोना पॉजिटिव हो गए और कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। अब घर में सिर्फ महिला बची और उसका 7 साल का एक बेटा।कुदरत के कहर ने भले ही इस महिला और बच्चे की जिंदगी बक्श दी, लेकिन इनकी असली परीक्षी होनी जैसी बाकी थी। दरअसल, कोरोना की महामारी ने कई लोगों की जिंदगी छीन ली तो कई लोगों को अकेला कर दिया , उस समय उनकी मानसिक हालात क्या रही होगी आप अंदाजा लगा सकते हैं. जिस समय उन्हें लोगों के सपोर्ट और साथ की जरूरत थी वे अकेले पड़ गए थे. उस समय उनका पड़ोसी अयूब खान उन्हें परेशान करता था। कोरोना काल ने लोगों के मानसिक स्वास्थय को हिलाकर रख दिया है. रेशमा खुद अपने पति के अंतिम संस्कार में शामिल ना होने से परेशान थीं, उनके इस तरह दूर चले जाने से वे डिप्रेशन में थी उपर से 7 साल का बच्चे ने अचानक अपने दादा-दादी और पापा को खोया था। ऐसे समय में 11वीं फ्लोर पर रहे वाला पड़ोसी हमेशा रेशमा की शिकायत कभी सोसाइटी तो कभी पुलिस में करता रहता । उसे बच्चे के खेलने से प्रॉब्लम थी। माना जात है कि एक पड़ोसी ही दूसरे पड़ोसी के काम आता है लेकिन यहां तो उसके तानों से तंग आकर दुनिया में जीने से बेहतर मरना समझा। रेशमा के घर में मिले सुसाइड नोट के अनुसार, बिल्डिंग में 11वीं मंजिल पर रहने वाला पड़ोसी परेशान करता था।वह कहता था कि जब लड़का खेलता है तो नीचे डिस्टर्बेंस होती है और इसी वजह से वे लोग बार-बार शिकायत करते थे. इससे परेशान होकर मैं आत्महत्या कर रही हूं। रेशमा ने यह भी लिखा कि उनका पड़ोसी उनकी शिकायत पुलिस में और सोसाइटी को भी करता था। सोसायटी ने रेशमा और शिकायतकर्ता अयूब खान को यह मामला आपस में सुलझाने को कहा था।अब भले ही पड़ोसी की गिरफ्तारी हो जाए या जेल हो जाए लेकिन जो गुजर गए उनको कैसे कोई वापस लाएगा ।

# पाक का ड्रोन से हमलाः ईट का जवाब पत्थर से जरूरी.....!

## सूडोकु नवताल-5759

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

## सूडोकु नवताल -5758 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

**ओमप्रकाश मेहता**

पाकिस्तान की या तो स्मरण शक्ति कमजोर हो गई है या चीन का प्रश्रय पाकर वह अपनी औकात भूल चुका है, तभी उसने भारत से आपसी तकरार में पहली बार ड्रोन से हमले की तकनीक को अपनाया है और हमारे जम्मू-कश्मीर एयर फोर्स स्टेशन को क्षति पहुंचाने की नाकाम कोशिश की। पाकिस्तान इस हमले के द्वारा वायुसेना के विमानों को नष्ट करना चाहता था और इसीलिए उसने आधी रात को यह कायराना हमला किया उसे पता है कि ड्रोन सुरक्षा उपकरण रेडॉर में नहीं आते, बस इसी का उसने फायदा उठाने की कोशिश की और पहली बार ड्रोन के माध्यम से दो-दो किलो के विस्फोटक एयर फोर्स स्टेशन के परिसर में डाले, जिसमें हमारे दो जवान घायल अवश्य हुए, किंतु हमारी सेना के विमानों को कोई क्षति नहीं पहुंची, दुःख तो इस बात का है कि ड्रोन यह विस्फोटक डालकर वापस लौट गए।

यद्यपि फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम की भारत की शीर्ष जांच एजेंसियां जांच कर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ये ड्रोन पाकिस्तान के ही थे? पर चूंकि घटना स्थल से भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा सिर्फ चौदह किलोमीटर की ही दूरी पर है, इसलिए आशंका के दायरे में सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान ही है। यह तय हो जाने के बाद कि यह करतूत पाकिस्तान की है, उसके बाद इस हमले की मूंह तोड जवाब देने की भारत तैयारी करेगा, हो सकता है दो साल पहले जिस तरह पुलवामा में हुए हमले का भारत ने जवाब दिया था, उसी तर्ज पर जवाब दिया जाए?



जब ड्रोन को हमले का हथियार बनाया गया है तो यह बताना भी जरूरी है कि दो सालों में भारतीय सीमा में करीब 244 ड्रोन पाकिस्तान से आए इनमें से कई को भारतीय सेना ने मार गिराया और कई वापस भाग भी गए किंतु ड्रोन से हमले की यह पहली घटना है, इससे पहले हवाई हमलों के लिए पाक ने ड्रोन का उपयोग कभी नहीं किया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ही पाकिस्तान ने चीन से खरीदे थे, ये ड्रोन बीस से पच्चीस किलोमीटर तक की उड़ान भरकर हमले करने की क्षमता रखते है, पिछले साल हमारे सुरक्षा बलों ने कश्मीर में पाक का ऐसा ही एक ड्रोन मार गिराया था। ड्रोन की मुख्य विशेषता यही है कि ये रेडॉर को चकमा देकर सीमा में प्रवेश कर सकते है जबकि विमान व हैलीकाप्टर रडॉर पर नजर आ जाते है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ड्रोन से हमलों की तकनीक भी पाक ने अपने पड़ौसी मुस्लिम देशों से ही सीखी है, क्योंकि पिछले दो सालों में ड्रोन के माध्यम से दुनिया में दो बड़ें हमले हुए है, पहला 14 सितम्बर 2019 को यमन में उग्रवादियों ने सऊदी अरब का ऑयल प्लांट उड़ाया था और उसके बाद 2 सितम्बर 2020 को अजरबैजान, आर्मीनिया में पहली बार दो देशों के युद्ध में ड्रोन का उपयोग किया गया था, इन्ही घटनाओं से पाक ने प्रेरणा लेकर अपने ड्रोन का भारतीय वायु सेना के स्टेशन पर हमला करने की नाकाम कोशिश की।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत में अनेक स्थानों पर ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है, जिनमें मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चैन्नई जैसे महानगरों के साथ सेना व सुरक्षा बलों के अनेक प्रमुख स्थान शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर को लेकर उठाए गए वार्ताकारी कदमों से पाक काफी बौखला गया है, अब जम्मू कश्मीर के बाद प्रधानमंत्री जी एक-दो दिन में ही लद्दाख के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से चर्चा करने वाले है यह पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है और उसने इसी बौखलाहट में यह आत्मघाती कदम उठाया है। अब भारत के सभी नागरिकों को सुरक्षा एजेंसियों की जांच के नतीजों व उसके बाद भारत द्वारा पाक के खिलाफ उठाए जाने वाले सख्त कदम का इंतजार है, फिलहाल भारत के कई क्षेत्रों से राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों द्वारा इस कायराना करतूत के लिए पाक को पुलवामा हमले जैसा ही जवाब देने की सरकार से अपेक्षा की जा रही है, जिससे कि वह अपनी इस तरह की करतूत को दोहरा न सके।

# हिंदुआना हरकतः हिंदुआना आदत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अमेरिका के प्यू रिसर्च सेंटर ने भारत की जनता के बारे में एक बड़ा रोचक सर्वेक्षण उपस्थित किया है। उसने भारत के लगभग तीस हजार लोगों से पूछताछ करके कुछ निष्कर्ष दुनिया के सामने रखे हैं। उसने भारत के विभिन्न धर्मों के प्रति लोगों की राय इकट्ठी की है। उस राय को पढ़कर लगता है कि धर्म-निरपेक्षता या पंथ-निरपेक्षता की दृष्टि से भारत दुनिया का शायद सर्वश्रेष्ठ देश है। इस सर्वेक्षण में भारत के हिंदू, मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और आदिवासियों से भी सवाल पूछे गए थे। 84 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी भी 'सच्चे भारतीय' के लिए यह जरुरी है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करे। 80 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत में उनको उनके धर्म के पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है। लेकिन उनमें से ज्यादातर लोगों ने कहा कि उनका गहरा संबंध और व्यवहार प्रायः अपने ही धर्म के लोगों के साथ ही होता है। उनका यह भी मानना था कि अंतरधार्मिक विवाह अनुचित हैं। कुछ हिंदुओं की मान्यता यह भी थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहनेवाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाज लगा सकते हैं। ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं। ये साधारण समझवाले लोग हैं। यह जरुरी नहीं कि इनके दिलों में अहिंदुओं या अहिंदीभाषियों के लिए कोई कटुता या दुर्भावना ही हो। अपनी मोटी समझ और उथले अनुभव के आधार पर उन्होंने अपनी उक्त राय जाहिर की होगी लेकिन खान-पान को लेकर तो लगभग सभी लोगों की राय साफ और लगभग एक-जैसी है। याने जो गोमांस खाए, वह हिंदू नहीं हो सकता और जो सूअर का मांस खाए, वह मुसलमान नहीं हो सकता। इसी प्रकार जातीय समीकरणों के बारे में ज्यादातर लोगों की राय (64 प्रतिशत) यह है कि अंतरजातीय विवाह नहीं होने चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों के बारे में भी ज्यादातर लोगों (64 प्रतिशत) की राय यही है। मेरी समझ में भारत की एकता और समरसता के लिहाज से यह राय ठीक नहीं है, हालांकि इन धार्मिक और जातीय बंधनों का टूटना आसान नहीं है। इन बंधनों को चूर-चूर होते हुए अपनी आंखों से मैंने अंडमान-निकोबार और सूरिनाम में देखा है। एक ही परिवार में विभिन्न धर्मों के पति-पत्नी को मैंने बहुत प्रेम से रहते हुए देखा है। मोरिशस में अंतरजातीय परिवारों की भरमार है। मेरे अपने मित्रों के ऐसे सैकड़ों परिवार देश-विदेश में हैं, जो अंतरधार्मिक और अंतरजातीय हैं।

# कायनात अरोड़ा को बॉलीवुड में पहली फिल्म के बाद नहीं मिला काम!



आज इस आर्टिकल में हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी खूबसूरती के चर्चे पूरे भारत में है लेकिन फिर भी उनकी पहली फिल्म उनके करियर की आखिरी फिल्म बनती हुई नजर आ रही है।

जिस बॉलीवुड अभिनेत्री की हम बात कर रहे हैं उसका नाम कायनात अरोड़ा है। कायनात ने अपने अभिनय की शुरुआत साल 2010 से की थी। उन्होंने सबसे पहले एक आइटम गाने पर अपने अभिनय को दर्शाया था। कायनात ने हिंदी फिल्म 'खट्टा मीठा' के गाने 'आइला रे आइला' में डांस किया था।

उसके बाद उन्होंने साल 2013 में इंद्र कुमार फिल्म ग्रैंड मस्ती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जिसमें उनके सहयोगी कलाकार थे विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी और रितेश देशमुख। उनकी फिल्म ब्लॉकबास्टर हिट रही। इस फिल्म में कायनात ने मार्लो का रोल किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस में 100 करोड़ का कारोबार किया था और इस फिल्म में जमकर बोल्ड सीन दर्शाए गए थे इस फिल्म में कायनात अरोड़ा की एक्टिंग की तारीफ भी हुई थी लेकिन फिर भी कायनात अरोड़ा को अब फिल्में नहीं मिलती। इस तरह कायनात पहली फिल्म से ही चर्चा में आ गई। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा मलयालम, पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है।

कायनात अरोड़ा की खूबसूरती देखते ही बनती है अक्सर यह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वह मशहूर अभिनेत्री दिव्या भारती की दूसरी चचेरी बहन हैं।

कायनात अरोड़ा का असली नाम 'चारु' है। उन्हें एक बार जर्मनी जाने की अनुमति नहीं मिली थी क्युकी उनके कागज़ी पत्रों में उनकी जन्म तरीक भी दूसरी थी और नाम भी 'चारु' था। बाद में उन्होंने दोनों को बदल लिया था। कायनात के लव लाइफ की जानकारी फ़िलहाल मालूम नहीं है और नाहीं उन्हें कभी किसी के साथ देखा गया है।

कायनात के पसंदीदा चीज़ो की बात करे तो उनके पसंदीदा अभिनेता शाहरुख़ खान और रनबीर कपूर हैं। कायनात की पसंदीदा फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'विश्वतमाँ' हैं। निर्देशकों में कायनात को करन जौहर पसंद हैं। कायनात का पसंदीदा रंग काला है। कायनात अरोड़ा के हॉबी की बात करे तो उन्हें डांस करना, योगा करना और शॉपिंग करना पसंद है। उन्हें घूमने की जगहों में जर्मनी बहुत पसंद है।

## अक्षय ने सुनील शेट्टी के बेटे अहान के साथ फिल्म करने की खबर को बताया अफवाह



सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्मों में आने से पहले ही चर्चा में बने हुए हैं। वह फिल्म तड़प से बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करेंगे। हाल में खबर आई थी कि अहान बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। ऐसी खबर आई थी कि अहान और अक्षय साजिद नाडियाडवाला की फिल्म में साथ दिखेंगे। अब अक्षय ने खुद इस तरह की खबरों को खारिज कर दिया है। अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अहान के साथ काम करने की खबर को नकार दिया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, फेक न्यूज के पैमाने पर 10/10। मैं अपना खुद का फेक न्यूज खत्म करने का व्यवसाय कैसे शुरू करूं? रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अक्षय फिर से साजिद के साथ एक फिल्म के लिए साथ आए हैं। बताया गया था कि इसमें वह अहान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। पहली बार नहीं है जब अभिनेता ने खुद से संबंधित फेक न्यूज पर प्रतिक्रिया दी है। पहले खबरें आई थीं कि अक्षय धूम 4 में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि बॉलीवुड की सुपरहिट एक्शन सीरीज धूम में अक्षय और सलमान खान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अक्षय ने धूम 4 में काम करने की खबरों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था, कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें। बीते 21 जून को अक्षय ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में अक्षय के साथ भूमि पेडनेकर नजर आ सकती हैं। हाल में खबर सामने आई है कि अक्षय की इस फिल्म में सादिया खतीब, दीपिका खन्ना, स्मृति श्रीकांत और सहेजमीन कौर की एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि ये अभिनेत्रियां अक्षय की बहनों की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय करेंगे। अक्षय इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। वह आने वाले दिनों में फिल्म बच्चन पांडे में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ कृति सेनन नजर आएंगी। इसके अलावा अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह फिल्म पृथ्वीराज में भी दिखने वाले हैं।

# लेदर बैग खरीदने की हैं शौकिन तो पहले जान लें असली नकली का फर्क



महिलाओं के लिए हैंडबैग बहुत जरूरी स्टाइल स्टेटमेंट होता है. बाजार में कई तरह के हैंडबैग मिलते हैं, लेकिन लेदर बैग का क्लासी और स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आता है. लेदर बैग की डिमांड मार्केट में बहुत अधिक है क्योंकि ये जल्दी खराब नहीं होता है, साथ ही स्टाइल स्टेटमेंट को भी क्लासी लुक देता है. असली लेदर बैग बाजार में महंगे मिलते हैं जो हर किसी के खरीदने की बात नहीं है. हालांकि बाजार में नकली लेदर बैग की खूब बिकते हैं क्योंकि ये स्टाइलिश दिखने के साथ सस्ते दाम पर मिलते हैं. कई दुकानदार नकली बैग को असली बताकर बेच देते हैं जो कुछ समय बाद खराब हो जाता है. अगर आप लेदर बैग खरीदने की शौकीन हैं तो हम आपको कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं जिससे आप असली और नकली लेदर बैग में पहचान कर सकती है. आइए बिना देर किए जानते हैं इन टिप्स के बारे में.

### असली लेदर बदलता है रंग

शायद आप जानते नहीं होंगे असरी लेदर को रगड़ने पर हल्का लाल हो जाता है उस पर धब्बे दिखाई देते हैं. असली लेदर आसानी से मुड़ जाता है जबकि नकली लेदर आपसे मुड़ेगा नहीं और ज्यादा जोर लगाने पर इसके रेशे निकलने लगते है और वो फट जाएगा.

### गंध से पहचान सकते है

असली लेदर में एक एजीब सी गंद आती है जिसके बारे में आप किसी को बता नहीं सकते हैं. जबकि नकली बैग में प्लास्टिक और अन्य कोई गंध आती है. इस तरह से आप लेदर बैग की पहचान कर सकते हैं.

### शाइनिंग से ना खा जाए धोखा

कई लोगों को लगता हैं कि असली लेदर बैग में बहुत शाइनिंग होती है. लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है. असली लेदर जानवरों के त्वचा से बना होता है जो दिखने में मैट लुक देता है. ये हैंडबैग टाइट होते हैं. जबकि नकली हैंडबैग में प्लास्टिक और अन्य मेटीरिल की मिलावट होती है जिसकी वजह से मुलायम और शाइनी नजर आता है.

### लेदर की फिनिशिंग होती है अच्छी

असली लेदर बैग में कई तरह के डिजाइन और पैटर्न होते हैं. क्योंकि ये जानवरों की खाल से बनाया जाता है इसलिए इसकी इलास्टिसिटी बहुत अच्छी होती है. लेदर बैग महंगे होते है जबकि नकली चमड़ा बैग बनाने में खर्चा कम आता है जिसकी वजह से बाजार में आसानी से उपलब्ध है।

# मानुषी छिल्लर अपनी तीसरी फिल्म में चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ दिखेंगी

पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर फिल्मों में आने से पहले ही लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं। वह भविष्य में कई महत्वपूर्ण फिल्मों का हिस्सा बन सकती हैं। वह अक्षय कुमार की पृथ्वीराज और विक्की कौशल की एक अनटाइटल फिल्म लेकर सुर्खियों में हैं। दिलचस्प है कि ये दोनों फिल्में यशराज फिल्म्स के बैनर तले बन रही हैं। अब खबर है कि मानुषी चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ यशराज बैनर की अपनी तीसरी फिल्म में नजर आएंगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, मानुषी यशराज बैनर तले बन रही अपनी तीसरी फिल्म में मौजूदगी दर्ज कराएंगी। खबरों की मानें तो वह इस फिल्म में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं। एक सूत्र ने बताया, मानुषी यशराज फिल्म्स की फेवरेट बन गई हैं। हर कोई उनके समर्पण, काम करने के तरीके और पेशेवर रवैये की तारीफ कर रहा है। आदित्य चोपड़ा ने उनको शिव रवैल के सुपरहीरो प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया है।

सूत्र ने आगे बताया कि मानुषी की इस फिल्म से चंकी के भतीजे अहान बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। अहान मानुषी के अपोजिट भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि आदित्य मानुषी के लिए अन्य प्रोजेक्ट पर भी विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विक्की की फिल्म की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। पृथ्वीराज को भी शूट किया जा चुका है, केवल कुछ डबिंग का काम बचा हुआ है। मानुषी इस फिल्म की शूटिंग तब शुरू करेंगी, जब फिल्म के बाकी कास्ट की डेट तय कर ली जाएगी।

## नए अवतार में बड़ा धमाका करने को तैयार हैं कार्तिक आर्यन



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. जहां एक्टर लगातार अपने वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते रहते हैं. ऐसे में अब एक्टर ने अपना एक नया वीडियो पोस्ट किया है. जो अब चर्चा में बना हुआ है. एक्टर अपने इस नए वीडियो में बिलकुल ही बदले हुए अंदाज में नजर आ रहे हैं. जहां बॉलीवुड के कई बड़े एक्टर भी उनका ये अंदाज देखकर चौंक गए हैं. जी हां, एक्टर अपने इस वीडियो में बिलकुल ही सुपरहीरो लग रहे हैं. जहां उन्होंने अपनी आंखों पर लाइट वाले चश्मे पहने हुए हैं. इसके साथ ही वो बिल्डिंग के ऊपर से छलान भी मारते हुए नजर आ रहे हैं. एक्टर ने अपने इस पोस्ट का जो कैप्शन लिखा है उसमें उन्होंने बताया है कि ये सब उन्होंने क्या पोस्ट किया है वो कल बताएंगे. एक्टर के इस पोस्ट को देखकर लगता है कि वो कुछ अलग सा लेकर आ रहे हैं. जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है. ऐसे में बॉलीवुड के कुछ सेलेब्स ने कार्तिक के इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. जिसमें उन्होंने कार्तिक से इस पोस्ट के बारे में पूछा है. एक्टर की दोस्त भूमि पेडनेकर ने पोस्ट में कमेंट करते हुए पूछा है कि ये क्या है?, भूमि के इस सवाल पर कार्तिक आर्यन ने जवाब देते हुए कहा है कि रुको जरा, सबर करो कार्तिक का ये अंदाज देखकर लगता है कि अब एक्टर कोई बड़ा धमाका करने वाले हैं।

# एकता कपूर के इस टीवी शो में काम करना चाहती हैं निक्की तंबोली



बिग बॉस 14 में नजर आने आने वाली निक्की तंबोली इन दिनों बैक टू बैक कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। इन दिनों निक्की तंबोली मशहूर स्टंट बेस्ड रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 11 की शूटिंग कर रही है। खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग काफी समय से हो रही है। पिछले महीने में खतरों के खिलाड़ी की टीम केपटाउन शहर के लिए रवाना हुई थी। जहां से अक्सर टीवी सितारे अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते है। अब इसी बीच निक्की तंबोली ने हाल ही में एक बातचीत में इस बात का खुलासा किया है कि, अगर उनको टीवी चीन एकता कपूर के टीवी शो में काम करने का मौका मिले तो जरूर करना चाहेंगी। निक्की तंबोली ने कहा कि, उनको अभिनय बहुत पसंद है और इसके बाद उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। निक्की तंबोली ओटीटी प्लेटफार्म पर काम करने के लिए भी उत्साहित है। इसी के साथ वो साउथ फिल्मों में भी काम करना जारी रखेंगी। उनको कोई ऑफर मिलता है तो उनको कोई परेशानी नहीं है। निक्की तंबोली ने कहा कि अगर नागिन टीवी शो आफर होता है तो मैं आंखें बंद करके इस शो को करने के लिए हां कर दूंगी। इसका हिस्सा कोई भी बनना चाहेगा। एकता कपूर के साथ काम करने का कोई ऐसी चीज़ नहीं जिसे मैं कभी छोड़ना चाहूंगी। निक्की तंबोली की इस बात से ये साफ जाहिर हो रहा है कि वो एकता कपूर के नागिन टीवी शो के अगले सीजन में काम करने के लिए उतावली हो रही हैं।

# सोया मिल्क की हैं जादुई खूबियां




वर्तमान में बाजार में सोया मिल्क ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है। आइए जानते हैं क्या है सोया मिल्क और कैसे ये शरीर को फायदा पहुंचाता है। सोयाबीन्स या सोया प्रोटीन से तैयार होने वाले सोया मिल्क को उसकी पोषण संबंधी खूबियों की वजह से गाय के दूध का सबसे बेस्ट सब्स्टिट्यूट माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फैट और कार्बोहाइड्रेट का उतना ही लेवल पाया जाता है जितना गाय के दूध में। साथ ही सभी जरूरी अमीनो ऐसिड की मौजूदगी की वजह से इसे कंप्लीट प्रोटीन के तौर पर भी जाना जाता है।सोया मिल्क के बहुत से फायदे हैं।

गाय के दूध में प्रोटीन और फैट के साथ कार्ब्स पाए जाते हैं। वहीं अगर सोया मिल्क की बात करें तो इसमें गाय के दूध से ज्यादा पोषक तत्व होते हैं।-सोया मिल्क में काफी अधिक मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है। सोया मिल्क में पाए जाने वाले एंटी-कार्सिनोजेनिक गुण कैंसर के खतरे को कम करते हैं। रोज एक गिलास सोया मिल्क पीने के मतलब है कि आप भरपूर मात्रा में सही तरीके से पोषक तत्व ले रहे हैं। सोया मिल्क पीने से कमजोरी और थकावट दूर होती है और पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है। सोया मिल्क में मौजूद आयरन के सेवन से शरीर में खून की कमी नहीं होती। साथ ही यह एनीमिया में भी राहत देता है। सोया मिल्क पीने से चर्बी तेजी से घटती है जिससे वजन कम होता है या फिर कंट्रोल में रहता है। सोया मिल्क हार्ट को हेल्दी रखता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। बता दें ?कि दूध भारतीयों के जीवन का एक बेहद अहम हिस्सा है। किसी को सादा दूध पीना पसंद होता है तो कोई चाय में दूध डालकर पीता है।

कोई दूध में हल्दी डालकर पीता है तो कोई मिल्कशेक बनाकर। वहीं कई लोग ब्रेकफस्ट में सीरियल के साथ दूध का सेवन करना पसंद करते हैं। वैसे तो ज्यादातर लोग दूध का सेवन सिर्फ इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि दूध पीने से हड्डियां मजबूत होती हैं। लेकिन हकीकत ये है कि दूध में कैल्शियम के अलावा भी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को कई तरीके से फायदा पहुंचाते हैं। दूध पीने से हृदय रोग, कई तरह का कैंसर, मोटापा और डायबिटीज जैसी बीमारियों को भी रोकने में मदद मिलती है। मार्केट में इस वक्त कई तरह के दूध मौजूद हैं और उन सबके अपने-अपने फायदे हैं।

## क्या थिएटर में रिलीज होगी शाहिद की फिल्म जर्सी? अभिनेता ने दिया जवाब

शाहिद कपूर पिछले काफी समय से स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी को लेकर सुर्खियों में हैं। कोरोना महामारी के कारण बॉलीवुड की ज्यादातर बड़ी फिल्में भी थिएटर के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर रुख कर रही हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही थीं कि जर्सी भी डिजिटल का रुख करेगी। अब शाहिद ने साफ कर दिया है कि उनकी यह फिल्म थिएटर में रिलीज होगी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। खबरें आ रही थीं कि जर्सी की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है और यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो सकती है। शाहिद ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट करते हुए कहा, जर्सी 5 नवंबर को थिएटर में रिलीज के लिए तैयार है। अभी तक तो यही प्लान है कि फिल्म दिवाली के मौके पर ही आएगी। उन्होंने कहा, यह एक फैमिली फिल्म है, जिसके लिए दिवाली रिलीज बेहतर है। उम्मीद है कि तब तक थिएटर खुल चुके होंगे। जर्सी इसी नाम से बनी तेलुगु फिल्म का हिंदी रीमेक है। फिल्म में शाहिद के साथ उनके पिता पंकज कपूर भी नजर आएंगे। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में शाहिद एक क्रिकेटर की भूमिका निभाएंगे। कहानी अर्जुन नाम के एक प्रतिभाशाली, लेकिन असफल क्रिकेटर के बारे में है, जो अपने बेटे की इच्छा पूरी करने के लिए अपने उम्र के तीसवें पड़ाव में वापसी करने और भारत के लिए खेलने का फैसला करता है। शाहिद की फिल्म कबीर सिंह की रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। लाइव सेशन के दौरान शाहिद ने कहा, मेरे सबसे ज्यादा बिखरे और टूटे हुए कैरेक्टर को मेरी सबसे सफल फिल्म बनाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, भारी बर्फबारी के कारण मसूरी की शूटिंग रद्द कर दी गई थी। हम शूटिंग लोकेशन पर नहीं पहुंच पाए थे और तब हमने बर्फ की लड़ाई शुरू कर दी थी। वो बहुत मजेदार पल थे। शाहिद, राज और डीके की वेब सीरीज से डिजिटल की दुनिया में कदम रख रहे हैं। अपने डिजिटल डेब्यू के बारे में बात करते हुए शाहिद ने कहा था, मैं लंबे समय से राज और डीके के साथ काम करना चाहता था।



# 'डॉक्टरों के लिए जन-जन में 'तुम रक्षक काहू को डरना' का भाव विकसित हुआः मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

भोपाल(पुष्पांजली टुडे)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के संकट काल में डॉक्टर साथियों द्वारा की गई त्याग,तपस्या, सेवा और समर्पण के परिणाम स्वरूप डॉक्टरों के लिए जन-जन में यह भाव विकसित हुआ कि ÷तुम रक्षक काहू को डरना÷। यह डॉक्टर्स के निरंतर परिश्रम का ही परिणाम था कि कोरोना की विकट परिस्थितियों में डॉक्टर की उपस्थिति से लोग ÷संकट कटे, हरे सब पीड़ा÷ का अनुभव करने लगते थे। मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण डॉक्टर्स और पेरामेडिकल स्टाफ के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही संभव हो पाया। आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रदेशवासियों की ओर से मैं डॉक्टर्स का आभार मानता हूँ और उनका अभिन्नदन करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान डॉक्टर्स डे पर आयोजित संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मिंटो हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिकित्सकों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कोरोना काल में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा डिजिटल प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। कार्यक्रम से प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय मेडिकल कॉलेज तथा हॉस्पिटल के चिकित्सक ऑनलाइन जुड़े थे। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी सहित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.एन. पी. मिश्रा तथा डॉ एच. एस. त्रिवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम मध्यप्रदेश के गान से आरंभ हुआ। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मिंटो हाल परिसर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर पीपल का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना महामारी के कठिन समय में अपनी असीमित सेवाओं और कर्तव्यपरायणता से मानवसेवा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले डॉक्टर्स का स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



(मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉक्टर्स डे पर किया डॉक्टरों से संवाद और उनका सम्मान)

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉक्टर बिधान चन्द्र राय का भी स्मरण किया। डॉ.राय के जन्म दिवस पर ही 01 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में शासकीय स्वास्थ संस्थाओं पर लोगों का विश्वास कई गुना बढ़ा है। कोरोना संक्रमण का सामना करने में शासकीय के साथ साथ निजी अस्पतालों का भी बहुत सहयोग रहा। राज्य शासन द्वारा निजी अस्पतालों के लिए कोरोना इलाज की विशेष दरें निर्धारित की गई। जिससे बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत योजना का लाभ लोगों को मिला। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के क्रम में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त करने के लिए कार्य जारी है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। प्रदेश को तीसरी लहर का सामना करने के लिए तैयार रहना है। राज्य शासन इस ओर निरंतर सक्रिय है। आयुर्वेद, होमियोपैथी और योग को जोड़ते हुए लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करना होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिस प्रकार डॉक्टर साथियों ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण में भूमिका निभाई है उसी प्रकार टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने में भी आपसे सहयोग की अपेक्षा है। टीकाकरण के संबंध में व्याप्त भ्रम और भय दूर करने में डॉक्टरों का जन सामान्य से संवाद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉक्टरों से सोशल मीडिया पर इस संबंध में लोगों में जागरूकता फैलाने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी गया नहीं है। इंग्लैंड और अन्य कुछ देशों में पुनः लॉकडाउन की स्थिति निर्मित हो रही है। इस परिस्थिति में प्रदेशवासियों को कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने के लिए प्रेरित करना होगा। इस में प्रदेश के सभी डाक्टर हर संभव सहयोग प्रदान करें। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि डॉक्टरों का सेवा भाव, मानवता के प्रति लगन हमें डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञ बनाती है। राज्य सरकार के आभार के भाव को व्यक्त करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ÷ आपने हर चुनौति को किया स्वीकार- आपकी आभारी है मध्यप्रदेश सरकार÷। लोकस्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा एक डॉक्टर को स्वास्थ विभाग का मंत्री बनाना डॉक्टरों का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान की नेतृत्व क्षमता,कर्मठता और स्पष्ट रणनीति के परिणाम स्वरूप ही प्रदेश में कम समय में कोरोना पर नियंत्रण संभव हो पाया। कार्यक्रम को डॉ.हरिहर त्रिवेदी और डॉ. अपूर्व पौराणिक ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिकित्सा सेवा और सामाजिक दायित्वों के निर्वाहन के लिए डॉ.एम. पी. मिश्रा, डॉ एच. एस. त्रिवेदी, डॉ निर्भय श्रीवास्तव, डॉ संजय दीक्षित, डॉ अनूप निगम, डा योगेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ सत्पती,डॉ ललित श्रीवास्तव आदि का सम्मान किया।

## वन-टू-वन



### 11 करोड़ 28 लाख 73 हजार की लागत से बनेगा अग्निशमन केंद्र, 18 महीने में बनकर होगा तैयार

झांसी के मऊरानीपुर में अग्निशमन केंद्र का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक व उपजिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिसे 11 करोड़ 28 लाख 73 हजार की लागत से बनाया जा रहा है।

**पुष्पांजली टुडे**

मऊरानीपुर - अधिशासी अभियंता अवधेश राय ने बताया कि मऊरानीपुर में काफी समय से अग्निशमन के कर्मचारी मंडी परिसर में रुके हुए थे। जिसके चलते मऊरानीपुर क्षेत्र में आए दिन आगजनी की घटनाएं होती थी और कम संसाधन होने की वजह से फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिस को ध्यान में रखते हुए जिले के अधिकारियों एवं क्षेत्रीय विधायक के द्वारा आज मऊरानीपुर में अग्निशमन केंद्र का भूमि पूजन किया गया है। जिसमें कर्मचारियों के रहने से लेकर कार्यालय तक का निर्माण किया जाना है। जिसकी लागत 11 करोड़ 28 लाख.73 हजार रुपये की है। जिसे 18 महीने में बनाकर तैयार किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान क्षेत्रीय विधायक बिहारी लाल आर्य व उप जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव सहित अवर अभियंता पी के दीक्षित व फायर बिग्रेड प्रभारी मौजूद रहे।



### अल्पपेंशनभोगियों ने सांसद संध्या राय को सौंपा ज्ञापन

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।ऑल इंडिया ईपीएस 95 पेंशनर्स संगठन जिला इकाई भिंड के पदाधिकारियों ने गुरुवार को सांसद श्रीमती संध्या राय के आवास पर पहुंचकर अल्प पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन रुपए 7500+महंगाई भत्ता निर्धारित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष बीके बौहरे ने सांसद श्रीमती संध्या राय से अनुरोध किया,कि आगामी मानसून सत्र में नियम 277 के तहत ईपीएस पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन बृद्धि के मुद्दे को लोकसभा में उठाया जाये।जिसे स्वीकार कर सांसद महोदया ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप निश्चिंत रहें आगामी मानसून सत्र में हम ईपीएस पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि के इस गंभीर विषय को पूरे जोर-शोर से लोकसभा में उठाएंगे। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सलाहकार रमेश बाबू चौधरी जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राम सिया डंडोतिया जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह कुशवाह जिला सचिव रामकुमार त्रिवेदी सहित तमाम अल्प पेंशनभोगी उपस्थित रहे।

# 48 वृक्ष लगाकर अनिल दोहरे ने मनाया अखिलेश यादव का 48वां जन्मदिन

**अनिल दोहरे ने पूर्व राज्य मंत्री श्रीकृष्ण यादव एवं जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के साथ मिलकर काटा केक**

**अंकित कुमार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

लखना इटावा अपने विशिष्ट कार्यों की वजह से विधानसभा भर्थना में एक विशेष पहचान बनाने वाले अखिल भारतीय दोहरे समाज महासंघ के प्रदेश प्रभारी अनिल दोहरे ने एक बार फिर क्षेत्र की जनता को एक नया संदेश दिया है। इस बार अनिल दोहरे ने समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री श्रीकृष्ण यादव एवं जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अगुवाई में ईकरी व पहाड़पुर सहित अन्य कई जगहों पर वितरण सहित 48 पौधे लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए 2022 में समाजवादी सरकार स्थापित करने का संकल्प लिया।

इसके साथ ही अनिल दोहरे ने कहा जिन लोगों ने राम मंदिर के नाम पर एवं प्रदेश की जनता से लुभावने झूठे वादे करते हुए सरकार बनाई थी आज उन लोगों ने प्रदेश की जनता ही नही बल्कि श्रीराम के साथ भी बहुत बड़ा विश्वासघात किया है। राम मंदिर के नाम पर करोड़ों रुपये की जमीन का घोटाला किया है इस बार उन्हें श्री राम भले ही माफ कर दें, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता को 2022 का इंतजार है प्रदेश की जनता किसी भी हालात में माफ नहीं करेगी।



जन्मोत्सव के दौरान रामकृष्ण राजपूत, सत्येंद्र दोहरे, शिवम् पाल (सदस्य जिला पंचायत), राजवीर राजपूत, रोहित राज यादव, टल्लु गुप्ता, चंकी यादव,शैलेश चौहान, गपोचे त्रिपाठी, सन्दीप गौतम, अंकित दोहरे,सुशील यादव, उदयवीर पाल, शिवम यादव,कपिल यादव, मयंक यादव, अनुराग यादव, सौरभ दोहरे, दिनेश राजपूत, प्रशांत तिवारी, नितिन यादव, पदम तिवारी, योगेन्द्र यादव, शिवम दोहरे, हर्षित दोहरे, ऋषभ यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## होटल सत्कार में खाना बनाते वक्त घरेलु गैस सलेंडर में लगी आग




**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर,पुष्पांजली टुडे**

एटा। सत्कार होटल पर खाना पकाते समय अचानक गैस सलेंडर में आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। होटल के कर्मचारियों ने आग बुझाने का भरकस प्रयास किया लेकिन आग उग्र होती रही जिसके बाद होटल माया पैलेस के स्वामी द्वारा टियर गैस सिलेंडर भेजे तथा फायर स्टेशन को सूचना दी। जिसके बाद पहुचे फायर बिर्गेड के कर्मियों व अधिकारियो ने टियरगैस द्वारा आग पर काबू पाया। सूचना के बाद पहुंची फायर बिर्गेड ने आनन फानन में अपनी कार्यवाही करते हुए आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया जिसे बुझाने में एक फायर बिर्गेड पुलिस के अधिकारी सहित होटल पर काम कर रहे दो युवक आग बुझाते समय झूलज गए, जिनको उचित चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

## परिवार परामर्श केंद्र पर टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाया गया



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा। जनपद पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में गुरुबार एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाया गया।

मामला थाना जलेसर के गांव थलेगन का है जहां कि रहने वाली रोशनी पत्नी राहुल की शादी राहुल पुत्र रामबाबू निवासी मण्डलपुर थाना हसायन जिला हाथरस से हुई थी , शादी के बाद विवाद हो जाने पर दोनों अलग अलग रहने लगे गुरुबार दोनो पक्ष महिला थाने पर उपस्थित हुए , जहां उनको समझा बुझाकर साथ रहने जो राज़ी किया गया, दोनो को थाने से ही विदा किया गया, तथा कुशलता देने के किये 20 जुलाई को बुलाने की तिथि निर्धारित की गई, महिला थाना की प्रभारी कंचन कटियार , इंस्पेक्टर रज़िया सुल्तान की देखरेख में चलाए जा रहे परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर अकरम खान, संजीव तिवारी, डॉ श्यामलता वेद , सचेन्द्र गुप्ता, गीता शर्मा, अनिल कुलश्रेष्ठ की काउंसलिंग से प्रत्येक दिन टूटे परिवारों को पुनः जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## आईआरएडी प्रोजेक्ट में इन्दौर प्रथम स्थान पर

**(अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी.सागर ने आईआरएडी प्रोजेक्ट की समीक्षा की)**

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

इंदौर (पुष्पांजली टुडे)। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआरआई भोपाल डी.सी.सागर द्वारा एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस द्धन्नष्ठ प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। बैठक पुलिस कन्ट्रोल रूम पलासिया इन्दौर में आयोजित हुई। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर शहर मनीष कपुरिया भी उपस्थित रहे। बैठक में डी.सी.सागर द्वारा बताया गया कि आईआरएडी प्रोजेक्ट में भारत के छः राज्यों में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर काबिज है और उन्होंने इन्दौर के प्रदर्शन की सराहना की। मध्यप्रदेश में इन्दौर को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर इन्दौर के उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को बधाई दी एवं कार्य की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश के व्दारा आईरैड पर अभी तक 21 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किये जा चुके हैं एवं इन्दौर जिले व्दारा 1500 से ज्यादा मामले आईरैड पर दर्ज हुए है। समीक्षा में इन्दौर के यातायात प्रबन्धन को और अधिक आधुनिक और सशक्त बनाने की समझाईस दी गई। तेज गति से वाहन चलाने वालों पर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने की समझाईस भी दी गई।बैठक में बताया गया कि समस्त सड़क दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा निर्धारित गति से अधिक तेज गति से वाहन चलाने के कारण होता है,अतः इस ओर समुचित ध्यान केन्द्रित कर वैधानिक कार्यवाही करना जनहित में अत्यन्त आवश्यक है। श्री डी. सी. सागर ने कहा कि सड़कों के किनारों पर उपयुक्त स्थान में वाहन को निर्धारित गति से चलाने की जन जागरूकता के लिये बोर्ड लगवाये कि ÷गति अति न करे -आप स्पीड लेजर गन की निगरानी में है''।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्व विधिवत चालान बनाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।भारत सरकार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली के इस प्रोजेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं की आन द स्पाट प्रविष्टी की जाती है।इस एप को 15 मार्च 2021से मध्य प्रदेश के 11 जिलों में प्रारंभ किया गया था,जिसमें से इन्दौर भी एक है। वर्तमान में सभी 52 जिलों में इस एप के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की प्रविष्टी की जा रही है। इस एप में पुलिस विभाग के अतिरिक्त स्वास्थ विभाग, परिवहन विभाग, सड़क से संबंधित विभाग की भी भूमिका सुनिश्चित की जायेगी, जो वाहन दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोगी रहेंगे।



# स्कूली बच्चों और युवाओं ने लगाए छायादार वृक्ष जिससे वातावरण होगा स्वच्छ

**भीमसेन सिंह तोमर**

थरा। गांव थरा में स्कूली बच्चों और युवाओं के माध्यम से गांव में पर्यावरण संरक्षण पर पौधारोपण किया गया। जिससे गांव शहर और देश को स्वच्छ प्राण वायु मिल सके और हमारा वातावरण भी शुद्ध बना रहे। ÷÷पत्रिका हरित प्रदेश÷ । कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक कर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हम आपको बता दें कि प्रदेश में कोरोना काल में लोगों को हुई आंक्सीजन की कमी से न जाने कितने लोगों ने अपनों को खोया, और आंक्सीजन की मारामारी मची रही। इस उद्देश्य के बारे में सोचते हुए। पत्रिका समूह ने एक पहल की है हरित प्रदेश अर्थात हमारा प्रदेश हरा भरा बना रहे, जिससे प्रदेश के साथ साथ हमारे देश के वातावरण और पर्यावरण में कोई कमी न हो। । कक्षा नौवीं के छात्र हिमांशु परमार ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें ठंडी-ठंडी हवा,फल, और जो हम सांस लेते हैं वह हवा हमें पेड़ पौधों के द्वारा ही मिलती है। और हमारे द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को यह खींच कर उसे ये स्वयं ग्रहण कर लेते हैं जिससे हमारा वातावरण शुद्ध बना रहता है।। ।कक्षा नौवीं के ही छात्र संजय कुशवाह कहते हैं कि पेड़ पौधों के द्वारा ही बर्षा कराई जाती है। क्यो कि हमारे स्कूल में मास्टर बताते हैं कि पेड़ पौधों के द्वारा ही बर्षा होती है।। ।।। इस मौके पर गांव के युवा भी मौजूद रहे और उन्होंने भी बच्चों को पेड़ लगाने की रुचि देख कर उनके काम की प्रशंसा की। गांव के प्रकृति प्रेमी अंकित सिंह तोमर, युवा मंडल के सदस्य अरुण सिंह, राम सिंह कुशवाह, सौरभ सिंह,अभय परमार, अन्य लोगों ने अपनी जन भागीदारी कर लोगों को भी हर चौमासे में कम से कम पांच पेड़ लगाने की कोशिश करनी चाहिए। सभी बच्चों ने गांव के लोगों को भी इस बात से जागरुक करने की कामना की।।



## महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत एमपीसीसीआई में आज हुआ 1378 लोगों का वैक्सीनेशन

**शाम को निकाले गये लकी ड्रॉ में 7 लोगों ने जीता पुरस्कार**

**ग्वालियर 1 जुलाई ।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) में 6 अप्रैल से अनवरत जारी वैक्सीनेशन शिविर में आज 1 जुलाई को वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 1378 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि आज आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में 1378 से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर के तहत आज लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिनमें निम्नलिखित । लोगों ने पुरस्कार जीताः-1. नाजिया 2. सविता गुप्ता 3. लवली गुप्ता 4. सतीश गुप्ता 5. हेमंत गुप्ता 6. रामसेवक जाटव 7. पूनम बघेल। पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अपील की है कि कोरोना महामारी को हराने के लिए स्वयं वैक्सीनेशन कराएं एवं अपने परिजनों, रिश्तेदारों व अपने आस-पास के लोगों को भी वैक्सीनेट कराने के लिए प्रेरित करें ताकि हमारा शहर इस महामारी से सुरक्षित हो सके। दिनांक 2 जुलाई को वैक्सीनेशन नहीं होगा।

# सिविल अस्पताल में श्रीवास्तव परिवार ने पूजन अर्चन कर प्रारंभ किया ऑक्सीजन प्लांट

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मंगलवार को डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर बालाघाट जिले के सिविल अस्पताल लांजी में जिले का प्रथम ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किया गया। यह ऑक्सीजन प्लांट स्वर्गीय श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव, स्व. श्री दयाशंकर श्रीवास्तव एवं स्व श्रिया श्रीवास्तव की स्मृति में श्रीवास्तव परिवार के द्वारा सिविल अस्पताल लांजी को दान दिया गया है। आज जब पूरा देश कोविड 19 वायरस के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, वहीं तीसरी लहर और डेल्टा प्लस वायरस के कारण सभी चिंतित है। ऐसे में श्रीवास्तव परिवार द्वारा अपने स्वयं के प्रयासों से जिले में प्रथम निजी ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई है जो सभी जनमानस के लिए उपलब्ध होगा। जिले का इस पहले ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण डॉक्टर्स डे के अवसर पर गुरूवार 01 जुलाई को दोपहर 12 बजे श्रीवास्तव परिवार के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि किसी निजी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक उपयोग हेतु ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाए जाने का यह पहला मामला है, जो निःसंदेह सराहनीय एवं स्तुत्य प्रयास है। इस शुभ कार्य के अवसर पर श्रीवास्तव परिवार से संजीव श्रीवास्तव एवं श्रीमती स्वप्ना श्रीवास्तव, सुपुत्री श्रीमती ज्योति वर्मा एवं राजेश वर्मा, सुपुत्री श्रीमती अमिता श्रीवास्तव एवं सुधीर श्रीवास्तव,



सुपुत्र राजीव श्रीवास्तव एवं अलिनी श्रीवास्तव, सुपुत्र आलोक श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंजू श्रीवास्तव उपस्थित रहें। इनके साथ ही बीएमओ डॉक्टर प्रदीप गेडाम, एसडीएम रविंद्र परमार, तहसीलदार आरपी मार्को आदि उपस्थित रहे।

### माता पिता की स्मृति में लगाया गया ऑक्सीजन प्लांट - राजीव श्रीवास्तव

डॉक्टर्स डे के अवसर पर सिविल अस्पताल लांजी में श्रीवास्तव परिवार के द्वारा ऑक्सीजन प्लांट लगाया। इस संबंध के स्व. श्री दयाशंकर श्रीवास्तव के सुपुत्र राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी माताजी पूर्व में लांजी निवासी थी। उन्हे उनके माता पिता की स्मृति में कुछ करना था। देश में कोरोना महामारी के कारण सबसे ज्यादा समस्या ऑक्सीजन गैस की हुए। ऑक्सीजन गैस की समस्या को लेकर हमने निर्णय लिया कि सिविल अस्पताल लांजी मे नवीन ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाए जिसके बाद यहां के प्रशासनिक अधिकारियों के चर्चा कर ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया एवं 1 जुलाई को इसका लोकार्पण किया गया।

### एसडीएम श्री परमार ने प्लांट के बारे में दी विस्तृत जानकारी

पीडब्ल्यूडी के ईई श्री श्रीवास्तव के द्वारा उनकी माता पिता जी की स्मृति में सिविल अस्पताल लांजी को ऑक्सीजन प्लांट भेंट किया गया जिसमें गैस बनाने की क्षमता लगभग 160 लीटर प्रति मिनट है। याने कि हम 10 लीटर प्रति मिनट के हिसाब से 1 मरीज को ऑक्सीजन देते है तो 16 से 20 मरीज को लगातार ऑक्सीजन मिल सकती है क्योंकि कोरोना की तीसरी लहर आने का अंदेशा है जिसके चलते भविष्य के लिए अभी से तैयारियां चालू कर दी गई है। यह प्लांट हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं श्रीवास्तव जी का शुक्रगुजार हूं जिनके द्वारा अस्पताल को ऑक्सीजन प्लांट भेंट किया। मैं पूरी लांजी की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इसके साथ ही लोगों से अपील करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग वैक्सीन लगाए एवं अपने आस-पड़ोस के लोग जिन्होंने व्यक्ति नहीं लगाया उन्हें वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक करें।

समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने पत्रकार दिवस पर

# पत्ररकारो को मैसूर पेटा व माला शाल द्वारा समांनित किया गया

**पुष्पाजली टुडे**



मैसूरु- युवा बलगा समिति के तत्वाधान में पत्रकार दिवस के मौके पर विभिन्न समाचार पत्रिका के पत्रकारों व टीवी चैनल के संवाददाताओ रविकुमार, लोकेश बाबू, उपाध्यक्ष, रंगास्वामी, साध्वी महेश्वरन, लक्ष्मी नारायण यादव, हम्पा नागराज, राजकुमार,पवन मालविराज, उदय, हरीश सिंह, जयशंकर, राज अर्स, महादेव स्वामी,निशांति आदि का सम्मान किया गया द्य पर्यावरण जागरूकता मंच के अध्यक्ष बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अपने सम्बोधन में कहा लोग समाचार पत्र पढ़कर पश्चात अपनी दैनिक गतिविधियां का संचालन करते हैं द्य मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है द्य आगे बताया कि पत्रकार बंधु कोरोना जैसी महामारी से अविचलित होते हुए अपने प्राणों की परवाह न करते हुए लोगों की समस्याएं अपने समाचार पत्रों व टीवी चैनलों के माध्यम से उजागर सरकार तक जानकारी पहुंचा कर लोगों को राहत दिलवाई हैं द्य पत्रकार संघ को पत्रकार बीमा या स्वास्थ्य कोष के सहयोग के लिए 20 हजार रुपये दिए जाएंगे द्य मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ा व पूर्व महापौर संदेश स्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किये द्य मैसूर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष रविकुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि संस्कृत के क्षेत्र में योगदान के लिए पिछले साल पद्म पुरस्कार से सम्मानित किए गए केवी संपत कुमार का निधन पत्रिका जगत के लिए अपूरणीय क्षति है द्य इस अवसर पर वेंगीपुरा मठ के इलाई आल्वा स्वामी, ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष डीटी प्रकाश,शहर विकास प्राधिकरण के सदस्य एमएन नवीन कुमार,कर्नाटक महिला कल्याण विभाग की लक्ष्मी देवी,समाजसेवी कांतिलाल पटवारी,जीवाधारा रक्तकोष निदेशक एस.ई.गिरीश,गंगाधर गौड़ा,केबल महेश,मैसूरु युवा बलगा समिति के नवीन,विक्रम अयंगर,अजय शास्त्री,मंजूनाथ, सुचिंद्र आदि मौजूद रहे

# एनवाईवी कविता प्रजापति के द्वारा सेहराना वार्ड 17 मैं टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर नेहरू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र की एनवाईवी कविता प्रजापति के द्वारा मंडी के पीछे का सेहराना वार्ड 17 मैं टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया मध्यप्रदेश शासन द्वारा 21 जून 2021 कोरोना टीककारण महा अभियान के तहत सबको मुफ्त वैक्सीन लगवाई जा रही है इसके बारे में जानकारी दी सभी लोगों से अपील की जिन व्यक्तियों ने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है वह तुरंत कोरोना वैक्सीन लगवाए और अपने आस-पड़ोस रिश्तेदारों को भी समझाएं कि वैक्सीन का टीका हमारे लिए लाभकारी है 45 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को टीका लगवाने के लिए जागरूक किया गया और उन्होंने बताया कि आपके आसपास के टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाने की जानकारी दी गई नेहरू युवा केंद्र के उपनिर्देशक विनोद




चतुर्वेदी जी के निर्देशानुसार जागरूकता कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग करने वाली उस वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विद्या पाराशर जी कोरोना वालंटियर रितु प्रजापति सुमन आदिवासी भी मौजूद रही उन्होंने टीके लगवाने के लिए सभी वार्ड वासियों को जागरूक किया गया और साथ ही समझाया गया की टीका लगवाने के बाद भी आप सबको मार्क्स, सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए 2 गज की दूरी का भी पालन करना है।

# कानेलाव / पर्यावरण प्रेमी ने महाराष्ट्र से राजस्थान के लिए वट वृक्ष लगाने के लिए भेजा

पाली/ निकटवर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत कुरना के राजस्व गांव कानेलाव सीरवी समाज के पर्यावरण प्रेमी नगाराम सीरवी ने महाराष्ट्र के मुम्बई इलाके से राजस्थान की वीर भूमि में अपने पैतृक गांव कानेलाव गाव के लिए वट का वृक्ष लगाने के लिए भेजा गया। ग्राम पंचायत क्षेत्र के राजस्व गांव कानेलाव मैं पर्यावरण प्रेमियों ने इससे पूर्व में वृक्षारोपण करके हरियालो राजस्थान के तहत नई पहल की शुरुआत की।नगाराम सिरवी ने बताया कि भारत की संस्कृति का सौंदर्य वृक्ष हैं। वृक्षों की देखभाल करना मानव जीवन का कर्तव्य है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं ऑक्सीजन



की पूर्ति तो हम नहीं कर सकते लेकिन ऑक्सीजन को पूर्ति करने वाले वृक्ष तो हम लगा सकते हैं इस इस संकल्प के आधार पर हमने हमारे राजस्व गांव में वृक्ष लगाने का लिया संकल्प।हरियालो राजस्थान के तहत संकल्प को पूरा करने के लिए संपूर्ण प्रयास किया जाएगा। धरती का श्रृंगार वृक्ष पर्यावरण प्रेमियों ने महाराष्ट्र से राजस्थान की वीरभूमि में वट का वृक्ष लगाने के लिए लाया गया इसी प्रकार हर मानव प्राणी एक वृक्ष लगाने का सपना साकार करें जिसमें भारत की सभ्यता के अनुसार भारतवर्ष में हरियालो राजस्थान के तहत सुंदरता का प्रतीक बनेगा

# रुपावास में निजी स्थान पर 8 फीट कोबरा सांप को पकड़ा गया



**नेनाराम सीरवी, पुष्पांजली टुडे**

पाली/निकटवर्ती रुपावास के निजी ग्रह स्थान पर कोबरा सांप प्रवेश होने की खबर सुनते ही ग्रामीणों में भय का माहौल बना। रुपावास के चेनाराम भाटी व देवेंद्र पटेल के निवास स्थान पर कोबरा को देखने के लिए लोग इकट्ठे हुए। ग्राम वासियों द्वारा समाज सेवी हरि भाई पटेल को सूचना दी जिसमें समाजसेवी की सूचना के अनुसार तुरंत प्रभाव से पाली से स्नेक कैचर टीम प्रभारी विष्णु भाई कुमावत व सुनील भाई कुमावत को मौके पर पहुंचकर कोबरा सांप को अपने कब्जे में लिया। कोबरा सांप को कब्जे में लेकर सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ा इस पर ग्रामीणों ने चैन की सांस ली ग्रामीणों ने स्नेक कैचर टीम का आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कविता पटेल देवेंद्र सिंह समाजसेवी हरि भाई पटेल शिवदत्त सिंह जी वार्डपंच सोनाराम मांगीलाल भंवर लाल बाबूलाल जोगेंद्र सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

# सौ प्रतिशत टीकाकरण बाली पंचायतों को मिला प्रसंसा पत्र

## कोविड 19 टीकाकरण में अच्छे कार्य के लिए सरपंच एवम सचिवों को किया गया सम्मानित

**लहार(अर्पित गुप्ता)**

जिलाधीश सतीश कुमार एस एवम पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन एवम लहार एस.डी.एम आर.ए प्रजापति एवम एस.डी.ओ.पी अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में अनुविभाग में चल रहे टीकाकरण अभियान के तहत आज जिन पंचायतों में सौ प्रतिशत टीकाकरण हुआ है उन्हें चिन्हित कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर की ओर इस मौके पर उनके साथ सांसद संध्या राय नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया,एवम भिंड बिधायक संजीव सिंह संजू,रमेश दुबे,सी.एम.एच.अजीत मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे ओर उन्होंने लहार जनपद की छः एवम रौन जनपद की एक पंचायत को प्रस्सतिपत्र देकर समान्नित किया इस मौके पर जनपद सी.ई.ओ आलोक इटोरिया भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

### इन पंचायतों को किया गया सम्मानित

टीकाकरण अभियान में अब्बल रहकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सर्वप्रथम लहार अनुविभाग के एस.डी.एम आर.ए प्रजापति को समान्नित किया गया एस.डी.एम लहार अपनी सरल एवम संत कार्यशैली से जिले में अपना एक अलग ही स्थान कायम कर चुके है अपने अनुविभाग में कड़ी मेहनत और परिश्रम से लोगो को घर घर जाकर जागरूक करने



बाले एस. डी.एम आर.ए प्रजापति की मेहनत के फलस्वरूप आज लहार जनपद की छः पंचायते जिनमे बरहा सचिव अजीत सिंह सरपंच राकेश शर्मा उर्फ पप्पू भटेले, पटबारी सुनील चौरसिया,सहायक सचिव हरिओम ब्यास को प्रस्सतिपत्र देकर सम्मानित किया गया और वहीं ग्राम पंचायत सुंदरपुरा, ग्राम पंचायत करियावली, ग्राम पंचायत रमपुरा,ग्राम पंचायत महुआ,ग्राम पंचायत कुरथर एवम रौन जनपद की ग्राम पंचायत चाँदोख के सरपंच,सचिव,पटबारी एबम रोजगार सहायकों को सम्मानित किया गया ।

### सुनिये क्या बोले अधिकारी

टीकाकरण अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने को लेकर आज कुछ पंचायतों को सम्मानित किया गया आगे भी जो ग्राम पंचायते अच्छा कार्य करके दिखाएंगी उन्हें भी प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।।

**आर.ए प्रजापति**
**एस.डी.एम लहार**

# माध्यमिक शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि हेतु सौंपा ज्ञापन

### पदवृद्धि न होने पर शिक्षक दिवस पर भोपाल में विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी

**आलमपुर(अर्पित गुप्ता)**

वर्तमान में चल रही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में माध्यमिक शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि हेतु कस्बे के पात्रता परीक्षा पास युवाओं ने तहसीलदार नवीन भारद्वाज को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। और माध्यमिक शिक्षक भर्ती में जल्द पदवृद्धि न होने पर आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस के मौके पर भोपाल में विरोध प्रदर्शन करने की बात कही। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया 2018 से प्रचलन में है। और माध्यमिक शिक्षक के 5670 पदो पर नियुक्ति प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। मगर इस प्रक्रिया में शिक्षा विभाग द्वारा सामाजिक विज्ञान , विज्ञान, हिंदी व उर्दू के मात्र क्रमशः 60,50,100 व 18 पदों पर भर्ती की जा रही है। जबकि प्रदेश में 91000 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण पदवृद्धि अभियान जिला भिण्ड के प्रभारी रोबिन अग्रबाल ने बताया कि इन बिषयों के नाममात्र के पद लाखों पात्रता परीक्षा पर योग्य युवाओं के साथ मजाक है। अनुसूचित जाति विभाग के स्कूलों में ही इन बिषयों के रिक्त पदों की संख्या हजारों में है। हम लोगो की मांग है कि सरकार माध्यमिक शिक्षक भर्ती में अन्यायपूर्ण तरीके से किये गये किये गये इन बिषयों के अत्यंत कम पदों में वृद्धि करे और ज्यादा से ज्यादा पात्र युवाओं को शिक्षक भर्ती में अवसर प्रदान करे। इस दौरान राजेश दूर्वार, हरीश आर्य, धीरज सेन, शैलेंद्र सिंह, दशरथ सिंह आदि पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# शिलान्यास व पूजन करते विधायक बिहारीलाल आर्य

**पुष्पांजली टुडे**

मऊरानीपुर राज्य पेयजल स्वच्छता नमामि गंगे जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के अंतर्गत ग्राम इमलौटा पाइप पेयजल के तहत ग्राम धवाकर में एक करोड़ रुपए की लागत से ओवर हैडटेंग निर्माण का भूमि पूजन तथा शिलान्यास विधायक बिहारी लाल आर्य ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के चालू हो जाने से देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का हर घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सपना पूरा होगा। वहीं राज्य पेयजल स्वच्छता नमामि गंगे जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के तहत ग्राम इमलौटा पाइप पेयजल के



तहत ग्राम चकारा में 14 करोड रुपए की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधायक बिहारीलाल आर्य ने किया। उन्होंने बताया कि 30 जून 2020 को मुख्यमंत्री ने इस योजना का शुभारंभ किया था। जो कि अब धरातल पर होने जा रहा है। और इस पाइप लाइन योजना के चालू होते ही घर घर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी। और पेयजल संकट का समाधान हो जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह, एस एच जोशी, राजेंद्र प्रसाद, अशोक पटेल, मोनू सिंह, शुभम वैध सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

### पड़ोसी ने युवती से दोस्ती कर प्यार के जाल में फंसाया, किया दुष्कर्म

ग्वालियर। ग्वालियर में एक युवती से पड़ोस में रहने वाले युवक ने दोस्ती की। एक दिन अकेले में मिलने पहुंचा और प्यार करने की बात कहते हुए शादी का झांसा दिया। इसके बाद संबंध बनाए। इसके बाद युवती को ब्लैकमेल कर 5 साल तक शोषण करता रहा। इस दौरान युवती की एक कंपनी में जॉब लग गई। वह देवास में रही, तो युवक वहां भी पहुंचा। उसके ही पैसों पर ऐश की और दुष्कर्म करता रहा। इसी तरह, भोपाल में भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने शादी की बात कही, तो मुकर गया। शिकायत पर ग्वालियर थाना पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। उपनगर ग्वालियर के कोटावाला मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत की है, उसकी दोस्ती पांच साल पहले मोहित माहेश्वरी से हुई थी। मोहित उससे मिलने उसके घर आता-जाता था। एक दिन जब वह घर पर अकेली थी, तो उसने शादी का वादा कर उसके साथ जबरन संबंध बनाए। इसके बाद वह उसे बदनाम करने की धमकी देकर शोषण करता रहा। इस बीच युवती की जॉब लगी। वह देवास और भोपाल में भी रही। युवक वहां भी पहुंचकर दुष्कर्म करता था। अब जब युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया, तो मुकर गया। उसकी मारपीट कर शादी से इनकार कर दिया। युवती ने जब मोहित पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह कहने लगा कि घर वालों की मर्जी से शादी कर लेने दो, नहीं तो मैं मर जाऊंगा। उसने कई युवतियों को फंसा रखा है। उसके मोबाइल में कई लड़कियों के नंबर और अश्लील फोटो हैं। ग्वालियर थाना दीपक यादव ने बताया, युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी के घर पर दबिश दी गई थी। वहां पता लगा कि वह ऑफिस में है। पता चलते ही पुलिस उसके ऑफिस पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### शहर में प्रतिदिन 15-20 लोगों को काट रहे डॉग, सड़कों व कॉलोनियों में आवारा गाय और सांड़ों से घबरा रहे लोग

ग्वालियर। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रहा है। सांड़ और गायों के सड़कों पर लड़ते रहने से लोग घबराने लगे हैं। प्रगति विहार निवासी नीरज शर्मा का कहना है कि कॉलोनी में जानवर आए दिन लड़ते रहते हैं। अब घर से निकलने से डर लगता है। इधर, निगम ने श्वान (कुत्तों) के नसबंदी करने की जिम्मेदारी दुर्ग की कंपनी को दी है। उसे नसबंदी का प्रति श्वान 950 रु. मिलेगा। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाएंगे। शहर में प्रतिदिन 10-15 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं।

### चार वर्ष के बाद जीएसटी भारत में औपनिवेशिक कर प्रणाली बन गई है : कैट

ग्वालियर। कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज जीएसटी के देश में चार वर्ष पूरे होने पर जीएसटी कर प्रणाली की वर्तमान व्यवस्था पर बड़ा तंज कसते हुए कहा की चार वर्षों के बाद यह अब एक औपनिवेशिक कर प्रणाली बन गई है जो जीएसटी के मूल घोषित उद्देश्य ÷गुड एंड सिंपल टैक्स के ठीक विपरीत है और देश के व्यापारियों के लिए एक बड़ा सिर दर्द बन गई है ! वर्तमान जीएसटी कर प्रणाली भारत में हो रहे व्यापार की जमीनी हकीकत और व्यापार करने के तौर तरीके के साथ तालमेल नहीं बैठा पाई है ! जीएसटी के तहत अभी हाल ही के महीनों में हुए विभिन्न संशोधनों और नए नियमों ने कर प्रणाली को बेहद जटिल बना दिया है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की मूल धारणा के बिलकुल खिलाफ है ! कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीथारमन से इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए समय माँगा है ! कैट के मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि जीएसटी को विकृत करने में केंद्र सरकार की बजाय राज्य सरकारों की हठधर्मिता ज्यादा जिम्मेदार हैं जिन्होंने कर प्रणाली में विसंगतियां और समान कर प्रणाली को अपने लाभ की खातिर दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है ! चार वर्ष में किसी राज्य सरकार ने एक बार भी व्यापारियों को जीएसटी के मुद्दे पर नहीं बुलाया और न ही कभी जानने की कोशिश करी की व्यापारियों की समस्याएं क्या हैं ? क्यों जीएसटी का कर दायरा अनुपातिक स्तर पर नहीं बढ़ रहा ! श्री जैन ने पिछले 4 वर्षों से अधिकारियों द्वारा जीएसटी के वर्तमान स्वरुप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की भारत में जीएसटी लागू होने के 4 साल बाद भी जीएसटी पोर्टल अभी भी कई चुनौतियों से जूझ रहा है और सही तरीके से काम नहीं कर रहा । नियमों में संशोधन किया गया है लेकिन पोर्टल उक्त संशोधनों के साथ समय पर अद्यतन करने में विफल है।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने किया कृषि विश्वविद्यालय में नवीन कन्या छात्रावास का उदघाटन

•/ª •/º Æ Ø˘ U •/ Œ •/ • • / `Ł • R/ • •/ UŁ ´ U •»





ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरूवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सर्वसुविधायुक्त नवीन कन्या छात्रावास भवन का उदघाटन किया। इस छात्रावास का निर्माण भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर से मिले 2 करोड़ 8 लाख रूपए की लागत से किया गया है। छात्रावास में 56 छात्राओं के आवास की व्यवस्था है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर एवं अन्य अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच विधिवत पूजन कर और फीता काटकर छात्रावास भवन का उदघाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सरकार कृषि के क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रही है। साथ ही कृषि विद्यार्थी अनुकूल वातावरण में पढ़ाई कर सकें, इसके लिए उन्हें हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में नवीन कन्या छात्रावास का निर्माण कराया गया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि नवीन कृषि बिल किसानों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले हैं। कृषि सुधार कानूनों को लागू करने से पहले देश के कृषि विषय विशेषज्ञों ने लगभग 30 साल तक गहन अध्ययन कर अपने सुझाव दिए।

छात्रावास के उदघाटन कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक शिक्षा डॉ. आर सी अग्रवाल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस के राव, कुल सचिव श्री डी एल कोरी तथा अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. डी एच रानाडे सहित विश्वविद्यालय की विभिन्न शाखाओं के निदेशक व प्राध्यापक सहित अन्य संबंधित

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

ग्वालियर। गिरवाई थाना क्षेत्र में शिवपुरी लिंक रोड़ पर स्थित आइपीएस कालेज के सामने बीती रात को एक बाइक ने पीछे से दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार 48 साल की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेला की बाबड़ी पर स्थित नीम चंदोवा गांव निवासी कल्याण बघेल मजदूरी करते हैं। बुधवार को पत्नी रामबेटी बघेल की तबियत खराब हो गई कल्याण बाइक से पत्नी को डाक्टर को दिखाने के लिए गुड़ा-गुढ़ी के नाके पर लेकर आए थे। जब वह रात को दवाई लेकर घर लौट रहे थे। तभी आइपीएस कालेज के पास अचानक सामने कोई गाड़ी आ जाने के कारण कल्याण ने अपनी बाइक में ब्रेक लगाए। पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने पीछे से कल्याण की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठी रामबेटी

## आम जनता से सीधा संवाद बने इस लिए सुबह क्षेत्र में निकले ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल से लोटने के बाद सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजनता को आ रही गंदे पानी, साफ सफाई व स्ट्रीट लाईट की समस्याओं को देखा तथा उनके निराकरण के लिए तत्काल मौके पर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब में क्षेत्र में आऊँगा तभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा क्या। क्षेत्र की समस्याओं को स्वतः ही संज्ञान में लेकर उनका निराकरण नियत समय में किया जाये।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय आमजनता द्वारा बार-बार गंदे पानी व पानी न आने की शिकायतें मिल रही थीं। वस्तुस्थिति जानने के लिए मंत्री श्री तोमर सुबह वार्ड 9, 8,12, 15 व वार्ड 7 के इंदिरा नगर, चार शहर का नाका आदि क्षेत्रों में पहुँचे और जनता की समस्याओं को सुना। मंत्री श्री तोमर ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए।

इसके बाद वार्ड 12 के 9 नम्बर पुलिया पर सडक में काफी गड्ढे होने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत योजना के तहत डाली जा रही पानी व सीवर की लाईन का कार्य पूर्ण होने पर तत्काल गड्ढों को भरने की कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले पेच रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाये।

ग्राम जमाहर में विद्युत आपूर्ति बाधित की शिकायत मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर तत्काल विद्युत आपूर्ति को बहाल करवाया तथा उन्होने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुचरू रूप से चालू करें साथ ही मेंटेनेंस का कार्य समय पर किया जाये। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी नही आनी चाहिए।

## सुबह से लापता था छात्र, रात को किला तलहटी में पड़ा मिला शव आशंका किले से कूदकर की आत्महत्या, बाइक ऊपर खड़ी मिली



ग्वालियर। ग्वालियर में एक पुलिसकर्मी के लापता भतीजे का शव बुधवार रात किला तलहटी में पड़ा मिला है। मृतक सुबह बाइक लेकर घर से निकला था। वह माधवगंज में फूफा के घर जाने की कहकर निकला था, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजन ने बहोड़ापुर थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। बुधवार रात पुलिसकर्मी के भतीजे का शव छिंग्गे साहब की दरगाह के पास पड़ा मिला है। उसकी बाइक किले पर ऊपर खड़ी मिली है। पुलिस को आशंका है कि उसने किले से छलांग लगाकर खुदकुशी की है। कारण क्या है यह पुलिस जांच कर रही है।

शहर के शब्दप्रताप आश्रम के पास रहने वाले मनीष पुत्र बलवीर कौरव बुधवार सुबह साढ़े सात बजे घरवालों से घूमने की कहकर मोटरसाइकिल से निकला था। वह कह कर निकला था कि माधवगंज में अपने फूफा के घर जा रहा है। इसके बाद वह घर ही नहीं लौटा। सुबह 10 बजे करीब उसका मोबाइल बंद हो गया है। परिजन ने जब उसे कॉल किया तो नंबर ही नहीं लगा। फिर माधवगंज में फूफा के घर कॉल किया। पता लगा कि वह वहां पहुंचा ही नहीं है। इसके बाद परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन ने उसके यार दोस्तों परिचित के यहां मनीष के बारे में पता लगाया, लेकिन सभी ने उनके घर मनीष के पहुंचने से इनकार कर दिया। सुबह से लेकर शाम तक परिजन उसे ढूंढ़ते रहे साथ ही उसके आने के इंतजार भी करते रहे। शाम को परिजन ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बहोड़ापुर थाने में दर्ज कराई। इसी बीच रात को उसका शव छिंगेशाह की दरगाह के पास पड़े होने की सूचना मिली। तत्काल सूचना पड़ाव थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी साथ ही शव को अपनी निगरानी में लेकर डेड हाउस के लिए भिजवाया है। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि किले पर एक बाइक लावारिस खड़ी है मनीष के परिजन मौके पर पहुंच गए और बाइक को पहचान लिया। मृतक का चाचा पुलिस में एएसआई है। उसने शव की शिनाख्त अपने भतीजे मनीष के रूप में की है। मनीष ने यह कदम क्यों उठाया यह पुलिस पड़तल कर रही है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## पांच बेटियां होने पर पत्नी को पीटा, बोला- बेटा नहीं दिया तो जीने नहीं दूंगा



ग्वालियर। बेटा नहीं होने पर पति कमलेश कुशवाह ने पत्नी सुनीता (40) के साथ यह कहते हुए मारपीट कर दी कि अगर बेटा नहीं दिया तो जीने नहीं दूंगा। घटना तिघरा थाना क्षेत्र की है। सुनीता के पांच बेटियां हैं। मारपीट के बाद सुनीता ने अपने पिता चतुर सिंह और भाई महेश को कॉल कर बुला लिया। इस पर महिला के ससुराल वाले भड़क गए और उसे पटक दिया। इसका मायके वालों ने विरोध किया तो कमलेश, ससुर पन्नालाल, चचेरे भाई गोपाल, सूरज व अन्य करीब एक दर्जन लोगों ने मिलकर मारपीट की। इसके बाद सुनीता के साथ मायके वालों को कमरे में बंद कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाले युवक ने पुलिस को सूचना दी। इस पर तिघरा थाने का फोर्स पहुंचा। फोर्स को देखकर यह लोग भाग गए और पुलिस ने महिला व उसके मायके वालों को मुक्त कराया और अस्पताल भिजवाया। महिला की ओर से एफआईआर भी दर्ज की गई। बताया गया है कि ससुराल वालों ने कुछ नेताओं से पुलिस को एफआईआर न लिखने के लिए फोन कराए।


पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा

हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क – 9009279100

SOMYA GROUP सौम्या प्रोपर्टीज



ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनो का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें ।
सैना के जवानों के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण उपहार व 10% की छूट
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर भिण्ड रोड, मुरैना झांसी रोड, ग्वालियर मुरैना वड़ागांव खुरैरी रोड, एयरपोर्ट शनिचरा रोड
सम्पर्क करें
9713253992
www.somyaproperty.com
तोमर मार्किट गायत्री मंदिर बाली गली पिंटू पार्क ग्वा.

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATEDAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478